हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, शनिवार 10 जनवरी 2026

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद| पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]


तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 8.4 डिग्री


12 अवैध ठेले व गुमटियों पर कार्रवाई के निर्देश यातायात व्यवस्था सुधारने आयुक्त सक्रिय



13 राजिम जयंती पर कलश शोभायात्रा और पूजा-अर्चना में जुटे ग्रामीण







न्यु ओम ज्वेलर्स

हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री

शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता

टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध

जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN

शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है

▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री

संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स

शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी


## खबर संक्षेप

### नंदिनी का बदमाश डॉ. दुष्यंत खोसला जिलाबदर



**भिलाई।** नंदिनी अहिवारा में अपना क्लीनिक खोलकर व्यवसाय की आड़ में लोगों को डराने, धमकाने एवं मारपीट कर दहशत का माहौल कायम करने का प्रयास किया गया था। इस दौरान डॉ. दुष्यंत खोसला के खिलाफ नंदिनी नगर में मारपीट करने, डराने-धमकाने की रिपोर्ट पर 5 अपराधिक प्रकरण दर्ज है। इसके अलावा डॉ. दुष्यंत खोसला को गुण्डा बदमाश की सूची में लाया गया था। लेकिन डॉ. दुष्यंत खोसला के आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सकें। लेकिन खोसला के कृत्यों पर कोई सुधार नहीं हो पाया। लगातार समाज विरोधी एवं अपराधिक गतिविधियों के माध्यम से लोगों में दहशत का माहौल उत्पन्न करता रहा। दुर्ग पुलिस ने उसके खिलाफ प्रतिवेदन जिलाधीश दुर्ग को भेजा। जिलाधीश दुर्ग ने डॉ. दुष्यंत खोसला के खिलाफ छ.ग. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (ख) के प्रावधानों के तहत जिला दुर्ग, सरहदी जिला राजनांदगांव, रायपुर, धमतरी, बालोद, कबीरधाम की सीमाओं से एक वर्ष के लिए जिला बदर की कार्रवाई की गई है।

### रंजिश के कारण मारपीट, गिरफ्तार

**भिलाई।** पुरानी रंजिश के कारण घर में घुसकर लोहे के चापड़ से हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि महिला के घर में रात को गाली गलौज कर दरवाजा को ठोकर मारकर तोड़ा गया। दोनों युवक घर के भीतर घुस दबंगई दिखाने लगे। महिला का पुत्र बेटा सागर को जान से मार देने की धमकी देकर लोहे का चापड़ लहराते हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। सागर दौड़कर अपनी जान को बचा पाया। आरोपी युवक बाइक सीजी 07 सीजे 1478 से फरार हो गए। आरोपी में बालाजी नगर खुर्सीपार निवासी जय कुमार रेड्डी को पुलिस ने पकड़ लिया। आरोपी के खिलाफ थानों में कई मामले दर्ज है।

### नशे का सामान के साथ आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** नशे का सामान बचने वाले पुलिस नो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर खुर्सीपार व पुरानी भिलाई तीन थाना क्षेत्र से पुलिस ने रजनीश पांडे से बिना नंबर बाइक नशीली कैप्सूल 192 , नगदी रकम 400 रुपए और दो फोन फोन, विपिन जेम्स से 312 कैप्सूल, मोबाइल,नगदी रकम 300 रुपए, श्याम कन्हैया विश्वकर्मा से प्रोक्सी को कैप्सूल 264 , मोबाइल, नगदी 350 रुपए, रंजीत राम से 280 कैप्सूल मोबाइल 250 नगदी रकम, अभिजीत साहू 296 नाग कैप्सूल,अरबाज खान 700 कैप्सूल,मोबाइल फोन बरामद किया गया। आरोपी खुर्सीपार से रजनीश पांडे, विपिन जेम्स, श्याम कन्हैया विश्वकर्मा, रंजीत राम, अभिजीत साहू,अरबाज खान उर्फ बाबू, इंद्रजीत सिंह, मोसिन उर्फ राजा, रोहित पासवान को गिरफ्तार किया गया था। फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। आरोपी मोनू सिंह उर्फ मैना को घेराबंदी कर पकड़ा गया।

संयुक्त संचालक दुर्ग संभाग कार्यालय में डीपीसी की तैयारी

# 700 शिक्षकों को मिडिल हेडमास्टर के खाली पदों पर मिलेगी पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई





दुर्ग शिक्षा संभाग के शिक्षक एलबी को मिडिल स्कूल हेडमास्टर पद पर पदोन्नति मिलने जा रही है। संभाग में 700 मिडिल स्कूल हेडमास्टर के पद खाली है। इन पदों में पदोन्नति देने की तैयारी भी शुरू कर दी गई है। संयुक्त संचालक दुर्ग संभाग शिक्षा द्वारा शिक्षकों को पदोन्नति देने के लिए डीपीसी प्रक्रिया चल रही है। शिक्षा विभाग में संविलियन के बाद सहायक शिक्षक एलबी को मिडिल स्कूल हेडमास्टर की कमान मिलेगी।

### इसी महीने मिलेगी पदोन्नति

संयुक्त संचालक दुर्ग संभाग द्वारा शिक्षकों को मिडिल स्कूल हेडमास्टर के पद पर पदोन्नति इसी महीने यानी जनवरी के अंत तक मिल सकती है। इसलिए कि शिक्षकों की डीपीसी प्रक्रिया संबंधित अधिकारी के समक्ष रखा जा चुका है। दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, मानपुर मोहला, छुरिया जिले के शिक्षकों को इस पदोन्नति के दायरे में लिया गया है। संयुक्त संचालक कार्यालय में इन सभी जिलों के शिक्षकों का ब्योरा मंगवाने के बाद सर्विस रिकार्ड की जांच की जा चुकी है।

### 30 सहायक शिक्षकों को हाल ही मिली प्रधान पाठक प्राथमिक पदोन्नति

दुर्ग जिले में सहायक शिक्षक एलबी का ई संवर्ग को पदोन्नति 22 दिसंबर 2025 को दी गई है। सालों से पदोन्नति का बाट जोह रहे जिले के 30 सहायक शिक्षक एलबी प्रधानपाठक प्राथमिक के पद संभाल रहे हैं। पदोन्नति मिलने के बाद उनका लेवल भी बढ़ गया है। विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा पर सहायक शिक्षक ;एलबी ई संवर्ग को प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के पद पर वेतनमान 9300.34800 ग्रेड पे 4200 लेवल 8 में पदोन्नति दी गई है।

### पदोन्नति समिति तैयार कर रही सूची

शिक्षकों की पदोन्नति सूची पदोन्नति समिति तैयार करेगी। संयुक्त संचालक आरएल ठाकुर द्वारा पदोन्नति समिति के समक्ष पदोन्नति के दायरे में आने वाले शिक्षकों की वरिष्ठता के आधार पर सूची तैयार करवाई गई है। इस सूची में शिक्षकों की पहली पदस्थापना कहां हुई थी और कितने शिक्षक पहले वरिष्ठता के दायरे में आ रहे हैं इसका रिकार्ड तैयार करवाया गया है। सूची को अनुमोदन पदोन्नति समिति करेगी। समिति द्वारा शिक्षकों को किस लेबल का वेतनमान मिलेगा यह भी उल्लेखित किया जा रहा है।

### पदोन्नति के बाद पदांकन काउंसलिंग से होगी

पदांकन काउंसलिंग के माध्यम से किया जाना है। जिसमें गंभीर बीमारी एवं दिव्यांगों को प्राथमिकता रहेगी। इस दायरे में आने वाले शक्षिकों को अपनी गंभीर बीमारी एवं दिव्यागता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। यह प्रमाण पत्र जिला मेडिकल बोर्ड एवं दिव्यांगता प्रमाण पत्र की छायाप्रति रहेगी। जिसके आधार पर प्राथमिकता दिये जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर स्कूलों में रिक्त पदों पर पदांकन किया जाएगा।

### चल रही है डीपीसी प्रक्रिया

शासन के आदेश के हिसाब से शिक्षकों को मिडिल स्कूल प्रधान पाठक के पदों पर पदोन्नति देना है। पदोन्नति की प्रक्रिया चल रही है। इसी महीने डीपीसी करने का पूरा प्रयास है। उसके बाद पदोन्नति सूची जारी कर देंगे।

**-आरएल ठाकुर,**
संयुक्त संचालक शिक्षा दुर्ग संभाग

### पदोन्नति का प्रयास जारी

अधिक से अधिक पदों पर पदोन्नति हों एवं पात्र शिक्षक पदोन्नति से न छूटे इसे लेकर संयुक्त संचालक आरएल ठाकुर से निरंतर चर्चा, संगठन द्वारा किया जाता रहा हैं। शिक्षक से मीडिल स्कूल प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति के लिए डीपीसी अधिकारी द्वारा रखी गई हैं। संघ को विश्वास है कि 700 से अधिक शिक्षक प्रधान पाठक बन पाएंगे। **चंद्रशेखर तिवारी,** कार्यकारी प्रातांध्यक्ष व जिला प्रमुख दुर्ग, छग शालेय शिक्षक संघ

बस जब्ती और परमिट निलंबन की दी गई चेतावनी

# यात्री सुरक्षा में लापरवाही, 24 बसों पर 35 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

सड़क और जनसुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग की उड़नदस्ता टीम द्वारा जिले के विभिन्न मार्गों पर चल रही यात्री बसों की लगातार जांच की जा रही है। इसी क्रम में दुर्ग जिले में संचालित बसों की जांच के दौरान 24 बसों में गंभीर सुरक्षा कमियां पाए जाने पर 34,900 की चालानी कार्रवाई की गई।

जांच के दौरान बसों में अग्निशामक यंत्र, आपातकालीन निकास द्वार और फर्स्ट एड बॉक्स की उपलब्धता एवं कार्यशीलता की गहन जांच की गई। कई बसों में ये अनिवार्य सुरक्षा उपकरण या तो अनुपस्थित पाए गए अथवा अनुपयोगी स्थिति में थे, जिसे जनसुरक्षा के साथ सीधा खिलवाड़ माना गया। यह अभियान परिवहन सचिव सह परिवहन आयुक्त एस प्रकाश और अतिरिक्त परिवहन आयुक्त डी रविशंकर के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। उनके निर्देशानुसार जिले में सड़क सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर शून्य सहनशीलता नीति अपनाई गई है। उड़नदस्ता दुर्ग के प्रभारी सीके साहू ने सभी बस संचालकों को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि समझाइश और चालानी कार्रवाई के बावजूद यदि भविष्य में किसी भी बस में यात्रियों की सुरक्षा से संबंधित कोई भी कमी पाई गई तो संबंधित बस को जब्त किया जाएगा तथा परमिट निलंबन जैसी कठोर कार्रवाई भी की जाएगी। यात्रियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।





यात्री सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग हुआ सख्त





# पति की मौत के बाद ससुरालियों ने बहू को टोनही कहकर घर से निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

टोनही कह कर घर से निकाला ससुरालियों के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

महिला पुलिस थाना ने बताया कि ग्राम दनिया थाना बोरी निवासी पूनम वर्मा का सामाजिक रिति रिवाज के साथ अश्वनी वर्मा के साथ वर्ष 2014 को हुई थी। उनकी 8 साल की एक बेटी भी है। पति अश्वनी की मौत 15 अक्टूबर 2018 को हो गई। पति के मौत के बाद अपने मायके में पूनम निवास करती है। पहले वार्ड 13 लेबर कैम्प जामुल निवासी विजय वर्मा, शिवकुमारी वर्मा, सुरेश वर्मा के साथ पीड़िता रहती थी। सास, ससुर और देवर मिलकर पति के मौत के बाद टोनही हो जादू-टोना करके पति को खा गई कहकर लगातार ताना दिया करते थे। परेशान पूनम पर ससुराल वालो ने कई गंभीर आरोप लगाकर तंग किया। ससुर सास और देवर ने कहा मायके से पाँच लाख रूपये लेकर

▪ सास, ससुर और देवर के खिलाफ अपराध दर्ज

आओ तब ससुराल में रह पाओगी। पूनम के पति के नाम से ग्राम बोड़ में दो एकड जमीन थी। पति के मरने के बाद पूनम को देवर उस पर दबाव डाल कर जमीन उसके नाम करने की धमकी दिया करता था। देवर ने पूनम वर्मा को धमकी देकर कहने लगा कि बदनाम कर देंगे कहीं मुंह दिखाने के लायक नहीं रहोगी। इस तरह धीरे -धीरे ससुरालियों का पूनम के प्रति व्यवहार बदल गया। 17 जून 2023 को पूनम को कपडों के साथ कार में जबरदस्ती बिठाया। अपने मायके ग्राम दनिया ले जाकर छोड आये।

इसके 15 दिन बाद पूनम अपने पापा शेषनारायण पटेल और माँ श्रीमती हीराबाई पटेल, चाचा बलराम पटेल के साथ वापस ससुराल अपनी बच्ची को लेने आई । सास, ससुर देवर-देवरानी ने उसे घर में घुसने से मना कर दिया। परेशान होकर महिला थाना पूनम पहुंची लेकिन कोई कार्रवाई नहीं किया बल्कि धारा 155 काटकर न्यायालय जाने की सलाह दी गई। इसके बाद महिला पुलिस न्यायालय के आदेश के बाद ससुराल वाले के खिलाफ धारा 498ए, 406 दर्ज कर टोनही अधिनियम जोड़ने का निर्देश दिया गया है।

### शीतलहर और कंपकंपाती ठंड के बीच जनवरी में लगे आम के पेड़ में बौर, कृषि वैज्ञानिक बोले- ग्लोबल वॉर्मिंग कारण



**दुर्ग।** जिले में इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ट्विनसिटी शीत लहर की चपेट में है। रात का पारा 8 डिग्री तक पहुंच रही है। इस बीच सेक्टर-1 स्थित एवेन्यू सी सहित आसपास के अन्य क्षेत्रों में आम के बौर आ गए हैं। शहर के अन्य हिस्सों में भी आम के पेड़ में बौर निकल रहे हैं। आम के पेड़ों में मौसम से पहले ही बौर आ गए हैं। सामान्यत: बसंत ऋतु में आने वाले ये बौर इस बार जनवरी की शुरुआत में ही दिखाई दे रहे हैं। कृषि कार्य से जुड़े विशेषज्ञ बताते हैं कि वे खुद आम के पेड़ों में असामयिक बौर देखकर सभी आश्चर्यचकित हैं। इतना ही नहीं मार्च में आने वाले फूल भी अभी से दिखाई दे रहे हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार यह स्थिति जलवायु परिवर्तन का परिणाम है। उन्होंने बताया कि ग्लोबल वार्मिंग और प्रकाश संश्लेषण के कारण पौधों में हार्मोन की मात्रा बढ़ गई है, जिससे यह असामयिक विकास हो रहा है। पिछले वर्ष भी ऐसा देखा गया था, लेकिन इस बार स्थिति और भी गंभीर है, क्योंकि बौर पहले से भी जल्दी आ गए हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि मौसम में हो रहे इस उतार-चढ़ाव का प्रभाव न केवल आम के पेड़ों पर बल्कि अन्य फसलों पर भी पड़ रहा है। *(फोटो : संजय पांडेय)*

# बीईसी फैक्ट्री की हाइड्रा मशीन की चपेट में आया श्रमिक, मौत



**भिलाई।** बीईसी प्लांट में एक हादसे में श्रमिक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया की हाथखोज स्थित भिलाई इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन (बीईसी) प्लांट में शुक्रवार की दोपहर श्रमिक उदित मांझी हाइड्रा मशीन की चपेट में आने से मौत हो गई। बीईसी परिसर में काम के दौरान श्रमिक हादसे का शिकार हो गया। हाइड्रा वाहन अचानक असंतुलित हो गया और श्रमिक उदित मांझी के पैर के ऊपर चढ़ गया। गंभीर अवस्था में उसे अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन उदित रास्ते में ही दम तोड़ दिया। हादसे की खबर लगते ही परिजन व स्थानीय लोग बड़ी संख्या में कंपनी परिसर में पहुंचे। अस्पताल में परिजनों का भारी संख्या पहुंची। उदित के साथ हुए हादसे को लेकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उदित के पिता के मुताबिक पत्नी पैरालिसिस की मरीज हैं और उदित ही घर की पूरी जिम्मेदारी संभालता था। कंपनी प्रबंधन से उचित मुआवजे की मांग की है। भिलाई तीन पुलिस मौके पर पहुंची थी।

पोंगल को देखते हुए रेलवे ने लिया निर्णय

# विशाखापट्नम पैसेंजर और वंदेभारत पुराने समय पर चलेंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

रेलवे के वाल्टेयर मंडल के अंतर्गत रायगड़ा विजयनगरम सेक्शन में प्रस्तावित अपग्रेडेशन काम के चलते कुछ कोचिंग ट्रेनों को रद्द किया गया है। कुछ ट्रेनों को गंतव्य से पहले समाप्त प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया था।

हालांकि पोंगल पर्व को देखते हुए एलएचएस ब्लॉक को रद्द कर दिया गया है। इससे ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिली है। अब विशाखापटनम, रायपुर विशाखापटनम पैसेंजर ट्रेन और दुर्ग विशाखापटनम, दुर्ग वंदे भारत एक्सप्रेस अपने





नियमित समय के अनुसार संचालित होंगी। ट्रेन 58528 विशाखापटनम रायपुर पैसेंजर , 58527 रायपुर विशाखापटनम पैसेंजर, 20829 दुर्ग विशाखापटनम ,वंदे भारत एक्सप्रेस, दुर्ग से विशाखापट्नम के लिए नियमित समय पर रवाना होगी। 20830 विशाखापटनम दुर्ग वंदे भारत एक्सप्रेस 12 व 19 जनवरी को विशाखापट्नम से दुर्ग के लिए निर्धारित समय सारणी अनुसार परिचालन होगा। इसके अलावा रेलवे के इस निर्णय से पोंगल पर्व के दौरान यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को रेलवे ने राहत दी है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे यात्रा से पहले अपनी ट्रेन की स्थिति रेलवे के आधिकारिक माध्यमों से जरूर जांच लें।

## खबर संक्षेप



### बीएम कॉलेज में तीन दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन

**भिलाई।** बीएम कॉलेज में तीन दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान कई रोमांकच मुकाबले हुए। खेल की शुरुआत का महाविद्यालय डायरेक्टर बी साव और एमएल साव द्वारा मां सरस्वती व वीर हनुमान के तैल्य चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर की गई।
महाविद्यालय डायरेक्टर बी साव ने विद्यार्थियों को खेल का महत्व बताते हुए खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने का सुझाव दिया। पहले दिन स्लो साइकिल का आयोजन हुआ। उसके बाद कैरम और क्रिकेट मैच हुआ। क्रिकेट में बी एड प्रथम और कोपा की टीम द्वितीय स्थान पर रही। दूसरे दिन 100 मीटर रेस, रिले रेस, रस्साकसी और वॉलीबाल का आयोजन किया गया। वॉलीबॉल में इलेक्ट्रीशियन द्वितीय वर्ष ने प्रथम और कोपा की टीम दूसरे स्थान पर रहे।

### शिक्षकों और विद्यार्थियों को हेलमेट पहनकर आना अनिवार्य



**भिलाई।** मनसा शिक्षा महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा अभियान का आयोजन किया गया। इसमें सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने हिस्सा लिया। आयोजन के दौरान बताया गया कि दो पहिया वाहन चलाकर कॉलेज आने वाले सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को हेलमेट लगाकर आना अनिवार्य है। साथ ही सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस होना अनिवार्य है। सभी ने सड़क सुरक्षा के नियमों को पालन करने की शपथ ली। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. स्मिता सक्सेना, पॉलिटेक्निक के प्राचार्य मनमद राव और संस्था के छात्र- छात्राएं व शिक्षकगण उपस्थित थे ।

# नियमितीकरण, पेंशन जैसी मांगों को लेकर कर्मी आंदोलन की राह पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

नगर पालिक निगम स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के आव्हान पर आंदोलन के प्रथम चरण में निगम दुर्ग के कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आज स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ के नेतृत्व में गेट मीटिंग कर एक दिवसीय रैली निकाली।नियमितीकरण व पेंशन समेत 10 सूत्रीय मांगों को लेकर निगम कर्मचारियों की रैली। रैली के पश्चात संघ के पदाधिकारियों ने नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल को कर्मचारियों की मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा।

स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजय मिश्रा एवं महामंत्री अनिल सिंह के नेतृत्व में 265 से अधिक निगम कर्मचारियों ने ज्ञापन के माध्यम से शासन से मांग की कि छत्तीसगढ़ शासन की घोषणा के अनुरूप अनियमित कर्मचारियों को नियमित किया जाए। ठेका प्रथा को समाप्त कर प्लेसमेंट एवं अस्थायी कर्मचारियों को नियमित करने की मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई।ज्ञापन में मध्यप्रदेश की तर्ज पर छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों को प्रति व्यक्ति 105 रुपये की दर से चुंगी क्षतिपूर्ति राशि दिए जाने, कर्मचारियों के वेतन भुगतान के लिए स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा निर्धारित तिथि पर वेतन भुगतान किए जाने की मांग की गई।

## आयुक्त सुमित अग्रवाल को ज्ञापन सौंपकर कराया वस्तु स्थिति से अवगत

### ओल्ड पेंशन स्कीम को लागू करने प्रशासन पर बनाया दबाव

इसके साथ ही अन्य विभागों की भांति ओल्ड पेंशन योजना शीघ्र लागू करने, छठवें एवं सातवें वेतनमान की एरियर्स राशि के भुगतान की स्वीकृति देने, कर्मचारियों को 5 लाख रुपये तक के इलाज हेतु कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने की मांग रखी गई। संघ ने नगर निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए नवीन सेटअप स्वीकृत कर पदोन्नति का लाभ देने, साथ ही डाटा एंट्री ऑपरेटर, लाइनमैन, वाहन चालक, पंप अटेंडेंट, सफाई दरोगा, सफाई कर्मी एवं प्लंबर कर्मचारियों के लिए पदोन्नति चैनल निर्धारित कर नवीन पद सृजित करने की मांग भी की।



### आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली निरस्त करने की मांग

इसके अलावा नगरीय निकाय कर्मचारियों पर लागू आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली को निरस्त करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही। ज्ञापन सौंपते समय यूनियन के अध्यक्ष संजय मिश्रा, महामंत्री अनिल सिंह सहित शशिकांत यादव, हरिशंकर साहू, पंकज साहू, मोहित मरकाम, राजू बक्शी, योगेंद्र वर्मा, ठाकरे, लवकुश शर्मा, अद्भ्रयुद मिश्रा, गौतम साहू, लता यादव, किरण अग्रवाल, रेखा कुर्रे, लक्ष्मी साहू, हेमलता वर्मा, साक्षी वर्मा सहित 265 से अधिक नगर निगम कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लोग परेशान : वार्ड परिक्रमा में खुली इंडस्ट्रियल एरिया छावनी की पोल

# वार्ड 41 की बदहाली, जर्जर सड़कें, जाम नालियां और खटालों का गोबर बना मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

वार्ड परिक्रमा

वार्ड 41 इण्डस्ट्रियल एरिया छावनी में आज भी बुनियादी सुविधाओं का अभाव साफ नजर आ रहा है। हरिभूमि की टीम वार्ड परिक्रमा के तहत जब इलाके में पहुंची तो जमीनी हकीकत सामने आई। नगर निगम भिलाई के जोन-4 अंतर्गत छावनी पानी टंकी के पास सड़कों की हालत जर्जर है। नाली निर्माण न होने के कारण लोगों को मजबूरन अपने खर्चे पर नालियां बनानी पड़ी हैं। संतोषी मंदिर के पीछे लक्ष्मण नगर जाने वाले मार्ग पर आधी-अधूरी नाली का निर्माण किया गया है, जिससे जल निकासी की समस्या बनी हुई है। लक्ष्मण नगर क्षेत्र में अवैध खटालों से निकलने वाला गोबर नालियों में जमा है। नालियों की गहराई कम होने के कारण थोड़ी सी बारिश या पानी भरते ही गंदा पानी सड़कों पर बहने लगता है। इससे आवागमन और स्वास्थ्य दोनों पर खतरा बना हुआ है। सूर्यकुंड तालाब के सामने स्थित नालियों में कई दिनों से सफाई नहीं हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार जनप्रतिनिधि से नाली और सड़क निर्माण की मांग की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वार्ड में जनप्रतिनिधियों के प्रति भी लोगों में नाराजगी देखने को मिली।

## इंडस्ट्रियल एरिया छावनी के लोग हैं नाराज





### सड़कों पर बहता नाली का पानी, ऊंची सड़क की मांग

वार्ड निवासी रामरतन ने बताया कि लक्ष्मण नगर की सड़कें काफी पुरानी



हो चुकी हैं जो अब जर्जर हालत में हैं। रामरतन के अनुसार सड़क नीची होने के कारण नालियों का पानी सीधे सड़क पर बहने लगता है। इससे रोजाना लोगों को गंदगी और बदबू का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दिनों में हालात और भी खराब हो जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क को ऊंचा करना बेहद जरूरी है, ताकि नालियों का पानी सड़क पर न आए और जलभराव की समस्या से राहत मिल सके। रहवासियों ने नगर निगम से जल्द सड़क निर्माण और नालियों की समुचित व्यवस्था की मांग की है।

### साफ-सफाई नहीं, जलभराव से परेशान लक्ष्मण नगर के लोग

वार्ड 41 इण्डस्ट्रियल एरिया छावनी के लक्ष्मण नगर क्षेत्र में साफ-सफाई और नाली व्यवस्था की हालत चिंताजनक बनी हुई है। स्थानीय निवासी निर्मला पटेल, रुखु यादव, हेमा यादव, देववती पटेल, रेखा यादव और बुलिया यादव ने बताया कि इलाके में नियमित सफाई नहीं होने से गंदगी बढ़ती जा रही है। रहवासियों के अनुसार कई स्थानों पर नालियों का निर्माण आधा-अधूरा छोड़ दिया गया है। इसका नतीजा यह है कि बरसात के दिनों में पानी की निकासी नहीं हो पाती और सड़कों व गलियों में घुटनों तक पानी भर जाता है। जलभराव के कारण लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो जाता है। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या से रोजमर्रा का जनजीवन प्रभावित हो रहा है, लेकिन शिकायतों के बावजूद अब तक कोई ठोस समाधान नहीं किया गया है। रहवासियों ने नगर निगम से जल्द साफ-सफाई व्यवस्था सुधारने और अधूरी नालियों का निर्माण पूरा करने की मांग की है।



### नगर निगम खटालों पर नहीं कर रही कार्रवाई

आवासीय क्षेत्र में संचालित अवैध खटालों पर कार्रवाई के लिए कई बार नगर निगम के अधिकारियों से अवगत कराया गया है। अधिकारियों द्वारा कई बार निरीक्षण के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई। खटाल के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चार साल से मूलभूत का पैसा नहीं मिला। इस कारण क्षेत्र में विकास कार्य नहीं हो पा रहा है। सड़क डामरीकरण और नाली निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। **-वीणा चन्द्राकर,** पार्षद वार्ड 41, इण्डस्ट्रियल एरिया छावनी

# मनरेगा को कमजोर कर गरीबों के अधिकारों पर हो रहा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

दुर्ग शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने केंद्र सरकार पर मनरेगा को कमजोर करने का



■ शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने लगाया आरोप

आरोप लगाते हुए कहा कि यह योजना नहीं बल्कि ग्रामीण गरीबों के लिए कानूनी अधिकार है, जिसे कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने वर्ष 2005 में लागू किया था। बाकलीवाल ने कहा कि मनरेगा के तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 100 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी तथा समय पर मजदूरी का अधिकार प्राप्त है।

कांग्रेस सरकार ने इस कानून के माध्यम से करोड़ों गरीबों को सम्मानजनक आजीविका का आधार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार जानबूझकर मनरेगा की कानूनी ताकत को खत्म कर रही है और इसे मात्र एक प्रशासनिक योजना बनाकर सीमित करना चाहती है। केंद्र सरकार ने मजदूरी भुगतान में अपनी हिस्सेदारी घटाकर केवल 40 प्रतिशत कर दी है, जिससे राज्यों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ा है और कई स्थानों पर काम प्रभावित हो रहा है। धीरज बाकलीवाल ने कहा कि भाजपा द्वारा 125 दिन रोजगार देने के दावे केवल दिखावा हैं।

पिछले 11 वर्षों में एक भी वर्ष ऐसा नहीं रहा जब औसतन 100 दिन का रोजगार ग्रामीण परिवारों को मिला हो। उन्होंने कहा कि भाजपा भगवान राम के नाम पर राजनीति करती है, लेकिन उसकी नीतियां ग्रामीण गरीबों और श्रमिकों के अधिकारों को कमजोर करने वाली हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि मनरेगा को उसकी मूल भावना के अनुरूप अधिकार आधारित कानून के रूप में पूरी तरह लागू किया जाए तथा मजदूरी का पूरा भुगतान समय पर सुनिश्चित किया जाए, ताकि गरीबों और मजदूरों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा हो सके।

### टैलेंट हंट का आयोजन 14 व 15 जनवरी को

**भिलाई।** भिलाई नगर कालीबाड़ी सेक्टर-6 में 14 और 15 जनवरी को टैलेंट हंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसमें 6 वर्ष आयु वर्ग से लेकर अधिक उम्र लोग भाग लें सकते हैं। प्रतियोगिता में बंगाली और हिंदी गानों की प्रस्तुति दी जाएगी।

### लिटिया और भाटाकोकड़ी में सेवा केंद्र का उद्घाटन

**दुर्ग।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजनांतर्गत संचालित एकीकृत कृषि क्लस्टर (आईएफसी) के तहत ग्राम लिटिया एवं भाटाकोकड़ी में आजीविका सेवा केंद्रों का शुभारंभ किया गया। आजीविका सेवा केंद्र के माध्यम से स्व-सहायता समूहों की महिला कृषकों को एक या एक से अधिक आजीविका गतिविधियों से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि करना है। इन केंद्रों के माध्यम से मुर्गी पालन हेतु हैचिंग यूनिट, दलहन उत्पादन की प्रोसेसिंग यूनिट तथा सब्जी उत्पादन के लिए उन्नत बीज नर्सरी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही पशु सखियों के माध्यम से पशुओं का टीकाकरण, कृषि सखियों द्वारा कृषि संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

# धीमे काम पर होगी सख्ती, एजेंसियों को मिलेगा नोटिस, विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग



लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर ने शहर में चल रहे विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा को लेकर बैठक ली। बैठक में नगर निगम की कार्यपालन अभियंता सुश्री विनीता वर्मा, सहायक अभियंता संजय ठाकुर, राजेन्द्र धाबाले, विनोद मांझी, मोहित मरकाम, अर्पणा मिश्रा, करण यादव, पंकज साहू, प्रेरणा दुबे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

लोक कर्म प्रभारी ने बैठक के दौरान अधोसंरचना मद एवं 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यों की विस्तृत जानकारी एवं रिपोर्ट अधिकारियों से मांगी। उन्होंने निगम क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि कार्यों में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

प्रभारी देवनारायण चंद्राकर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर निगम द्वारा कराए जा रहे सभी विकास कार्यों में गुणवत्ता के साथ-साथ गति लाई जाए, ताकि आम नागरिकों को समय पर इनका लाभ मिल सके। समीक्षा बैठक में निर्माण एजेंसियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली गई। उन्होंने चेतावनी दी कि जिन एजेंसियों के कारण कार्यों में देरी हो रही है, उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा तथा आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी। लोक कर्म प्रभारी ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल कार्य कराना नहीं, बल्कि समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण विकास सुनिश्चित करना है, जिससे शहर के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

### गणतंत्र दिवस पर जिले में शुष्क दिवस घोषित

**दुर्ग।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर अभिजीत सिंह के आदेशानुसार 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर दुर्ग जिले में स्थित समस्त देशी मंदिरा एवं विदेशी मंदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टोरेंट-बार, होटल-बार, क्लब आदि जैसे-एफएल -1 (घघ), एफ.एल.-1 (घघ-कम्पोजिट), सी.एस.-2 (घघ), सी.एस.-2 (घघ-कम्पोजिट), सी.एस.-2 (ग-अहाता), सी.एस.-2(ग-कम्पोजिट अहाता), एल.एल-1 (ख-अहाता), एल.एल-1 (ख-कम्पोजिट अहाता), एफ.एल 2(क), 3, 3 (क,ग), 4, 4(क), 5,5 (क), 6, 7, 8, सी.एस. 1, सी.एस. 1-ग, एफ.एल. 10 एवं भण्डारण भाण्डागार भिलाई शामिल है। सभी लाइसेंसधारकों को निर्देशित किया गया है कि आदेश का पालन सुनिश्चित किया जाए।

# अवैध ठेले व गुमटियों पर कार्रवाई के निर्देश यातायात व्यवस्था सुधारने आयुक्त सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

नगर पालिक निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कार्यपालन अभियंता सुश्री विनीता वर्मा सहित निगम अधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों का मॉर्निंग विजिट किया और मौके पर आवश्यक निर्देश दिए।

■ राजेंद्र पार्क में सौंदर्यीकरण का किया निरीक्षण



आयुक्त ने राजेन्द्र पार्क चौक सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण करते हुए कहा कि यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कार्य को शीघ्र एवं व्यवस्थित रूप से पूर्ण कराया जाए। इसके साथ ही बिरसा मुंडा प्रतिमा स्थल पर चल रहे कार्यों को भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने राजेन्द्र पार्क क्षेत्र से अवैध ठेलों को हटाने के निर्देश दिए। वहीं चर्च रोड में गुमटी संचालकों द्वारा दुकानों को आगे बढ़ाकर किए गए अतिक्रमण पर नाराजगी जताते हुए उन्हें तत्काल हटाने के आदेश दिए गए। साथ ही गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह को ध्यान में रखते हुए आयुक्त सुमित अग्रवाल ने पंडित रविशंकर स्टेडियम मार्ग का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को मार्ग की समुचित सफाई एवं व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि शहर की सुंदरता,यातायात व्यवस्था और राष्ट्रीय कार्यक्रमों की गरिमा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

न्यायालय : प्रधान जिला न्यायाधीश, दुर्ग (छ.ग.)

:: समंस ::

एम.जे.सी. प्रकरण क्रमांक 745/2025

पेशी तारीख 07.02.2026, प्रोसेस क्रमांक 14/2026

1.आरती देवी पति स्व. रामसागर चौहान, उम्र 36 वर्ष लगभग, 2.आंचल चौहान पिता स्व. रामसागर चौहान, उम्र 15 वर्ष लगभग, 3.कृष्णा चौहान पिता स्व. रामसागर चौहान, उम्र 13 वर्ष लगभग, 4.सृष्टि चौहान पिता स्व. रामसागर चौहान, उम्र 08 वर्ष लगभग,

नाबालिग आवेदक क्रमांक 02 से 04 की ओर से वली माता आरती देवी सभी निवासी वार्ड नंबर 02, खुर्सीपार भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. ..... **आवेदकगण**

विरूद्ध

1. छ.ग. शासन द्वारा जिला कलेक्टर, दुर्ग जिला दुर्ग छ.ग.
2. आम जनता ...**अनावेदक**

**बनामः- आम जनता, जिसका आंचल चौहान, उम्र 15 वर्ष कृष्णा चौहान, उम्र 13 वर्ष एवं सृष्टि चौहान, उम्र 08 वर्ष आवेदक क्र. 02 से 04 के संरक्षक पालक माता श्रीमती आरती देवी पति स्व. रामसागर चौहान की सम्पत्ति से संबंध हो।**

उपरोक्त आवेदिकागण/आवेदकगण ने **आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 08 यहवठित 29, 30 संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1956** के अतंर्गत आवेदकगण एवं अनावेदक क्रमांक 01 के संयुक्त खाते हक अधिकार का निर्मित मकान मौजा ग्राम-परसदा, प.ह.नं. 13, रा.नि.मं. कुम्हारी, तह. भिलाई 03 व जिला दुर्ग में भूमि स्थित खसरा नं. 116/19 रकबा 0.018 हे. है। भूमि में से सयुक्त रूप से सरंक्षक पालक उनकी नाबालिक संतान प्राकृतिक संरक्षक व वादमित्र के माध्यम से आवेदगण के हिस्से की भूमि को विक्रय करनें की अनुमति प्रदान करनें बाबत प्रस्तुत किया है।

आम जनता को जिसका उस निर्मित मकान से संबंध हो इस समंस के द्वारा निर्देशित किया जाता है कि आपको यदि ऊपर वर्णित आवेदकगण के स्वामित्व का निर्मित मकान, को विक्रय करनें की अनुमति प्रदान करनें के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो इस न्यायालय के समक्ष **दिनांक 07.02.2026** को दिन के **11:00** बजे, स्वयं या ऐसे वकील के माध्यम से, जिन्हें प्रकरण के तथ्यों से अच्छी तरह से समझा दिया गया हो, जो ऐसे प्रश्नों का जवाब दें सकें, या ऐसा व्यक्ति मौजूद हो, जो कि ऐसे प्रश्नों का जवाब दे सकें, के लिए हाजिर हो और ऐसे सभी दस्तावेजों व साक्ष्य को पेश करने के लिए तैयार रखना होगा, जिन पर बचाव के समर्थन में भरोसा रखना चाहते हों।

यदि आवेदन की सुनवाई उक्त नियत दिनांक को सार्वजनिक अवकाश घोषित होने के कारण नही होती है अथवा नियत तिथि पर मैं अवकाश पर जाता हूँ, या अन्य किसी कारण से सुनवाई उक्त तिथि को नहीं होती है, तो इसके दुसरे कार्यदिवस में आवेदन कि सुनवाई की जायेगी और उक्त तिथि को भी आपके अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध एक पक्षीय रूप से आवेदक के आवेदन का निराकरण किया जायेगा।

आज **दिनांक 06/01/2026** को इस न्यायालय के सील व मेरे हस्ताक्षर से सूचना जारी किया गया है।

मुहर

(के. विनोद कुजूर)
प्रधान जिला न्यायाधीश, दुर्ग (छ.ग.)

जगजीवन आयुर्वेद



धातु की कमी, नामर्दी उत्तेजना की कमी, लिंग में छोटापन, ढीलापन, पतलापन, टाईमिंग की कमी, शुगर से सेक्स में कमी, शुक्राणु की कमी संतान न होना, आदि सभी गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है.

आज ही गारंटी से इलाज कराएँ.

शॉप नं. C11, महालक्ष्मी मार्केट, टॉकीज के नीचे, पुलगाँव चौक, दुर्ग
मो. 7869433660, 9399486858

## दुर्ग में होगा संभाग स्तरीय साहू सम्मेलन एवं ताराचंद साहू स्मृति सम्मान

# समाज में विशिष्ट योगदान देने वालों का होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

साहू समाज की सामाजिक एकता, संगठनात्मक मजबूती और वैचारिक चेतना को नई दिशा देने के उद्देश्य से जिला साहू संघ, दुर्ग के तत्वावधान में दुर्ग संभाग स्तरीय साहू सम्मेलन एवं स्व. ताराचंद साहू स्मृति सम्मान समारोह का भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन किया जा रहा है। यह गरिमामय कार्यक्रम रविवार, 18 जनवरी को रविशंकर स्टेडियम, मानस भवन, दुर्ग में दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा।

■ 18 जनवरी को रविशंकर स्टेडियम में जुटेंगे लोग

इस सम्मेलन को साहू समाज की सामाजिक चेतना, संगठनात्मक एकजुटता और भावी दिशा के निर्धारण के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में देखा जा रहा है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज की उन महान विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित करना है, जिन्होंने अपने त्याग, संघर्ष और सेवा भाव से समाज को नई पहचान दिलाई। इसी क्रम में स्व. ताराचंद साहू के सामाजिक, राजनीतिक एवं जनहितकारी योगदान को विशेष रूप से स्मरण करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की जाएगी।

### स्व. ताराचंद के योगदान को मिलेगा सम्मान

स्वर्गीय ताराचंद साहू साहू समाज के ऐसे व्यक्तित्व थे, जिन्होंने समाज सेवा, सामाजिक न्याय, संगठन निर्माण एवं जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। उन्होंने समाज को संगठित करने, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने और कमजोर वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाने में अहम भूमिका निभाई। उनके इन्हीं आदर्शों और मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस स्मृति सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है, ताकि युवा वर्ग उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सके।



**समाज के विशिष्ट जनों का होगा सम्मान :** कार्यक्रम के दौरान साहू समाज के ऐसे कर्मठ, प्रतिभाशाली एवं समाजहित में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को स्व. ताराचंद साहू स्मृति सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन लोगों को समर्पित होगा, जिन्होंने शिक्षा, सामाजिक सेवा, संगठनात्मक कार्य, राजनीति, व्यापार, संस्कृति एवं जनकल्याण के विभिन्न क्षेत्रों में समाज का नाम गौरवान्वित किया है।

**संभाग भर से उमड़ेगा समाजः** इस भव्य आयोजन में छत्तीसगढ़ सहित दुर्ग संभाग के विभिन्न जिलों से समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी वर्ग एवं बड़ी संख्या में स्वजातीय भाई-बहन शामिल होंगे। सम्मेलन के माध्यम से समाज की वर्तमान स्थिति, चुनौतियों और भविष्य की रणनीतियों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा, जिससे संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

### नई पीढ़ी को मिलेगा मार्गदर्शन

सम्मेलन का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य समाज की नई पीढ़ी को सामाजिक मूल्यों, संगठनात्मक अनुशासन और सामूहिक प्रयासों के महत्व से परिचित कराना है। वरिष्ठ समाजजनों के अनुभव और मार्गदर्शन से युवाओं को प्रेरित किया जाएगा कि वे समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं और सामाजिक एकता को मजबूत करें।

### अधिक से अधिक सहभागिता की अपील

आयोजकों ने साहू समाज के समस्त स्वजातियों से इस ऐतिहासिक, प्रेरणादायी और एकजुटता के प्रतीक सम्मेलन में परिवार सहित अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। यह आयोजन न केवल सम्मान समारोह होगा, बल्कि साहू समाज की सामूहिक शक्ति, गौरव और भविष्य की दिशा को दर्शाने वाला एक महत्वपूर्ण मंच सिद्ध होगा।

## खबर संक्षेप



### अकलोरडीह में बच्चों को न्योता भोजन कराया

**भिलाई।** शासकीय प्राथमिक शाला अकलोरडी में एसएमसी के अध्यक्ष चम्पेश्वरी निषाद ने अपने पुत्र ओम कुमार के जन्मदिन पर छात्रों को न्योता भोजन में खीर, पुड़ी खिलाया। इस दौरान प्रधान पाठक डीआर सहारे सहित पुष्पलता वर्मा, पुष्पा बोरकर, रिचादेवी व शाला स्टॉफ उपस्थित थे।

### कांग्रेस का नववर्ष मिलन समारोह 14 को कुथरेल में

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए नववर्ष के अवसर पर मिलन समारोह का आयोजन 14 जनवरी बुधवार को ग्राम कुथरेल स्थित चंद्रकार भवन में आयोजित किया गया है। इस नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री एवं दुर्ग ग्रामीण के पूर्व विधायक ताम्रध्वज साहू के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ नेता बड़ी संख्या में शामिल होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10:30 बजे होगी। इसके पश्चात आपसी संवाद, संगठनात्मक चर्चा एवं नववर्ष की शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया जाएगा। दोपहर 1:00 बजे भोजन व्यवस्था रखी गई है, जिसके बाद कार्यक्रम का समापन होगा। इस आयोजन के माध्यम से कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करने तथा आगामी राजनीतिक रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

### ग्राम परसदा में रामायण आयोजन आज से

**अंडा।** अंडा क्षेत्र के ग्राम परसदा (डगनिया) में 10 जनवरी से प्रस्तावित रामायण आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी गई हैं। आयोजन को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है और इसकी तैयारियों की जिम्मेदारी मुख्य रूप से महिला समूह द्वारा निभाई जा रही है। तैयारी के तहत रामायण स्थल पर रंग-रोगन एवं साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में सत्यवती साहू, भावना साहू, माया साहू, गीतेश्वरी साहू एवं निधि साहू, खेलन सिरमौर, अमरीका टंडन,सोमन, सविता भारती, अमरौतिन, ललिता यादव, इंद्राणी मनहरे ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए पूरे मनोयोग से कार्य किया। हिलाओं की मेहनत से आयोजन स्थल सुंदर और आकर्षक रूप ले रहा है।

## निधन

### मोहम्मद इशाक खान



**भिलाई।** सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मी मोहम्मद इशाक खान (बुद्धू ट्रेलर) का शुक्रवार को इंतकाल हो गया। परछा मौदहा निवासी मरहूम इशाक खान यहां क्वार्टर 13 ए, एवेन्यू सी, सेक्टर-2 में रहते थे। उनकी नमाजे जनाजा 10 जनवरी शनिवार की दोपहर बाद नमाजे जोहर रामनगर कब्रिस्तान में पढ़ाई जाएगी और इसके बाद सुपुर्दे खाक किया जाएगा। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# पीसेगांव में सात दिवसीय श्रीराम कथा, वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दी आहूति

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



पीसेगांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीराम कथा के दूसरे दिन की शुरुआत आध्यात्मिक ऊर्जा, वैदिक परंपरा और भक्तिमय वातावरण के साथ हुई। नवग्रह शांति के उद्देश्य से पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन विधिविधान से संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार, आहुति एवं सामूहिक साधना से संपूर्ण यज्ञ परिसर आध्यात्मिक चेतना से ओत-प्रोत हो गया। यज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर विश्व कल्याण, पारिवारिक सुख-शांति एवं राष्ट्र उन्नति की कामना की।

यज्ञ संपन्न होने के बाद दोपहर 1 बजे से श्रीराम कथा का शुभारंभ हुआ। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कथावाचक ने भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, सत्य, त्याग और कर्तव्यबोध पर प्रभावशाली एवं भावपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया। द्वितीय दिवस की कथा में यह संदेश प्रमुख रूप से उभरकर आया कि श्रीराम का जीवन आज के समाज के लिए नैतिक मार्गदर्शन का सशक्त आधार है।

कथा के दौरान प्रस्तुत भजन-कीर्तन और राम नाम के संकीर्तन से वातावरण भक्तिरस में डूब गया। श्रद्धालु जय श्रीराम के उद्घोष के साथ भावविभोर दिखाई दिए।

आयोजकों द्वारा की गई व्यवस्थाएं सराहनीय रहीं, जिससे कार्यक्रम अनुशासित एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित न रहकर संस्कार, सद्भाव और सामाजिक चेतना का माध्यम बनता नजर आया। आगामी दिनों में श्रीराम कथा के अन्य प्रसंगों के श्रवण हेतु क्षेत्रवासियों में विशेष उत्साह और श्रद्धा का वातावरण बना हुआ है।

## मरीज को ले जा रही एम्बुलेंस भी जाम में फंसी रही

# वाहन पलटने से हाईवे पर लगा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुम्हारी





नेशनल हाईवे-53 पर शुक्रवार को अचानक हुए सड़क हादसे के बाद ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई। घटना के मुताबिक दुर्ग से रायपुर की ओर जा रही दोना-पत्तल बनाने वाले पेपर रोल से लदा वाहन तड़के करीब 3:30 बजे खारुन नदी के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। हालांकि हादसा रात के वक्त हुआ था, लेकिन जैसे ही सुबह वाहनों का दबाव बढ़ा, करीब 6:30 बजे से हाईवे पर भीषण जाम की स्थिति निर्मित हो गई। इस हादसे के कारण खारुन नदी से लेकर साईं मंदिर तक नेशनल हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं। सुबह 7:30 बजे तक सड़क पर बिखरे पेपर रोल को हटा तो लिया गया था, लेकिन तब तक जाम इतना बढ़ चुका था कि स्थिति सामान्य होने में सुबह के 11:00 बज गए। इस दौरान ड्यूटी पर जाने वाले कर्मचारी, स्कूल बसें और सबसे संवेदनशील रूप से एम्बुलेंस घंटों तक रेंगती नजर आईं।

इस जाम की स्थिति के मद्देनजर आवागमन सुचारू करने के लिए सुबह से ही दुर्ग ट्रैफिक पुलिस मुस्तैद नजर आई कुम्हारी से रायपुर की ओर जाने वालों को पुराने पुल से भेजा गया। सड़क पर बिखरे पेपर रोल को क्रेन और हाइड्रा की मदद से हटाकर व्यवस्थित किया गया। लंबी मशक्कत के बाद यातायात व्यवस्था को पुनः सुचारू किया गया।

> यह घटना तड़के करीब 3 बजे की है। हाइड्रा आदि की व्यवस्था करके वाहन को किनारे करवाया गया। घटना रायपुर की थी और यातायात हमारे यहां बाधित हो रहा था, इसलिए तत्परता से रास्ता क्लियर कराया गया।
> - **ऋचा मिश्रा** ट्रैफिक एएसपी

# राजिम जयंती पर कलश शोभायात्रा और पूजा-अर्चना में जुटे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेलून

परिक्षेत्रीय साहू संघ अरसनारा के तत्वाधान में गुरुवार को ग्राम देमार में राजिम जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत समाज की महिलाओं द्वारा निकाली गई आकर्षक कलश शोभायात्रा से हुई, जिसने पूरे ग्राम को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। इसके पश्चात भक्त माता कर्मा एवं राजिम माता की विधिवत पूजा-अर्चना व आरती कर महोत्सव का शुभारंभ किया गया।

महोत्सव के प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। प्रमुख अतिथि तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेंद्र साहू और अति विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद महासमुंद चुन्नीलाल साहू थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व तहसील अध्यक्ष दिनेश साहू ने की। विशेष अतिथि दिव्या कलिहारी (पूर्व जिला अध्यक्ष) सहित अनेक गणमान्यजन मंचासीन रहे।

- ग्राम देमार में भव्य महोत्सव संपन्न, प्रेरक उद्बोधनों का लाभ लिया

द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री के ओएसडी आशीष वर्मा थे। अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने की। विशेष अतिथियों में अश्वनी साहू (महासचिव), गायत्री साहू (अध्यक्ष, झीट परिक्षेत्र), रामनारायण साहू (अध्यक्ष, तेलीगुंडरा परिक्षेत्र), पारखत साहू (जामगांव-आर परिक्षेत्र), टेसराम साहू (अध्यक्ष, बेल्हारी परिक्षेत्र), विमला साहू (तहसील उपाध्यक्ष) और मोहित विश्वकर्मा (सरपंच) सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे।

प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए सांसद विजय बघेल ने कहा कि भक्त माता राजिम एवं माता कर्मा ने समाज को संकटों से उबारते हुए संगठन और एकजुटता की राह दिखाई है। उन्होंने कहा कि पाटन क्षेत्र का अरसनारा परिक्षेत्र सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। समाज की प्रगति के लिए शिक्षा, संस्कार और संगठन को उन्होंने सबसे आवश्यक बताया तथा सामाजिक आयोजनों को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण पर जोर दिया। द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि आशीष वर्मा ने राजिम जयंती महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नारी शक्ति ही सृष्टि का मूल आधार है, इसलिए मातृ शक्ति की पूजा सर्वाधिक होती है। उन्होंने कहा कि साहू समाज में कर्मा माता एवं राजिम माता ने समाज को संगठित कर सामाजिक चेतना को जागृत करने का महत्वपूर्ण कार्य किया है, जिससे समाज की संस्कृति और परंपराएं सुदृढ़ हुई हैं।

पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने अपने उद्बोधन में पारिवारिक मूल्यों पर बल देते हुए कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में परिवार को समय देना अत्यंत आवश्यक है। मजबूत परिवार से ही सशक्त समाज का निर्माण संभव है। तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेंद्र साहू ने राज्य सरकार द्वारा गठित तेलघानी बोर्ड की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि इसके माध्यम से साहू समाज सहित अन्य समाजों के लोगों को रोजगार एवं आर्थिक लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम का संचालन हरिशंकर साहू एवं गोपेश साहू ने किया तथा आभार प्रदर्शन कौशल बनपेला ने किया। महोत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं तथा सामाजिक एकता का संदेश देते हुए पूर्व एवं नवनिर्वाचित स्थानीय अध्यक्षों, अन्य समाज प्रमुखों, वरिष्ठजनों, अतिथियों एवं रक्तदाताओं का परिक्षेत्र द्वारा सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खेमलाल साहू, धनराज साहू, सुलेन साहू, सरिता साहू, रामाधार साहू, किशोर साहू,संतोष साहू, लालजी साहू, अर्जुन साहू, सालिक साहू, ललिता साहू,शशिभूषण साहू, खेमीन साहू, दामिनी साहू, ओमप्रकाश साहू, पूनाराम साहू,हरि साहू, उषा साहू, तनुजा साहू,सरिता साहू, शुकदेव साहू, अंगेश्वर साहू, डॉ बुद्धेश्वर साहू, घनश्याम साहू,बलराम साहू, अनिल बनपेला,दानीराम साहू,जयंत साहू,अश्वनी साहू,अंबी साहू, रेखराम साहू, कामता साहू,मूलचंद साहू और पूजा साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी एवं 19 इकाई के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। राजिम जयंती समारोह के अवसर पर समाजसेवा की भावना को साकार करते हुए जयदीप ब्लड बैंक द्वारा रक्तदान शिविर एवं हाईटेक हॉस्पिटल, भिलाई के सहयोग से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में कुल 46 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जिससे जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान देने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान मिला। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं एवं समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।

# बंछोर बने किसान मोर्चा रायपुर संभाग प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जामुल



जामुल नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रेखराम बंछोर को पार्टी के छत्तीसगढ़ किसान मोर्चा का रायपुर संभाग प्रभारी बनाया गया है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय द्वारा 8 जनवरी गुरुवार को यह घोषणा की गई है। प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी नवीन मारकंडे ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से छत्तीसगढ़ के पांचों संभाग में भाजपा किसान मोर्चा के प्रभारी व सह प्रभारी नियुक्त किया है। जारी सूची में रायपुर संभाग प्रभारी का दायित्व रेखराम बंछोर को सौंपा गया है, सह प्रभारी नरेंद्र यादव होंगे। स्थानीय भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं ने पार्टी में नवीन महत्वपूर्ण दायित्व मिलने पर रेखराम बंछोर को बधाई व शुभकामनाएं दी है।

इसके अलावा बस्तर संभाग में प्रभारी तोमन साहू, सह प्रभारी अंजोरी नेताम, बिलासपुर संभाग प्रभारी लाल संतोष सिंह, सह प्रभारी धनेश नायक, दुर्ग संभाग प्रभारी डॉ चौलेश्वर चंद्राकर, सह प्रभारी रवि शर्मा और सरगुजा संभाग प्रभारी राजेश सिंह व सह प्रभारी पद पर प्रवीण यादव की नियुक्ति की गई है।

# खपरी सिलोदा में चावल महोत्सव की रजत जयंती धूमधाम से मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा



ग्राम खपरी सिलोदा में शासन के निर्देशानुसार चावल महोत्सव की रजत जयंती का आयोजन सहकारी सोसायटी परिसर में बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को चावल वितरण किया गया। आयोजन में ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच नारायण साहू, प्रेमा ठाकुर, पंच शतरूपा साहू, पंच नरेश पवार सहित अन्य पंचगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

चावल महोत्सव के माध्यम से शासन द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सुरक्षा प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दोहराया गया। ग्रामीणों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए शासन का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की मांग की।

# छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने पर खुशी का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ उतई



नगर निगम रिसाली के ग्राम डुंडेरा निवासी खुशी क्षत्रिय का अंडर-19 बालिका वर्ग क्रिकेट के लिए छत्तीसगढ़ टीम में चयन हुआ। मध्य प्रदेश के शिवपुरी में आयोजित नेशनल बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेकर उन्होंने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया।

उनके नगर आगमन पर सांसद प्रतिनिधि मोरध्वज वर्मा एवं विधायक प्रतिनिधि गोविंद राम साहू के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। खुशी के आने की खबर मिलते ही सांसद प्रतिनिधि मोरध्वज वर्मा एवं विधायक प्रतिनिधि गोविंद राम साहू दोनों के नेतृत्व में गांव वालों ने शनि देव मंदिर के पास सम्मान किया। गांव वालों ने उत्सह में जमकर पटाखे फोड़े साथ ही फूल माला से उनका स्वागत किया। सांसद प्रतिनिधि मोरध्वज वर्मा ने नगद 11000 रुपए प्रदान कर बधाई दी।

# कोहका भिलाई में मानस गान प्रतियोगिता शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



रामायण चौक, शिक्षक नगर, कोहका, भिलाई में माँ सरस्वती पूजा एवं रामायण उत्सव समिति तथा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से दो दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन अपने छठवें वर्ष में प्रवेश कर चुका है।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ 9 जनवरी शुक्रवार को शाम 4 बजे किया गया। इसके पश्चात प्रतियोगिता 10 को एवं 11 को संपन्न होगी। आयोजकों के अनुसार, भौतिक सुख-साधनों की मृगतृष्णा में भटकते मानव समाज को सच्चा आनंद भगवान श्रीराम की कृपा एवं रामचरितमानस के सत्संग से ही प्राप्त हो सकता है। इसी उद्देश्य से यह धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन किया जा रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों की प्रतिष्ठित मानस मंडलियाँ भाग लेंगी।

प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला वर्ग के लिए पृथक-पृथक पुरस्कार रखे गए हैं। पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 1501, द्वितीय 1301, तृतीय 1101 एवं चतुर्थ 901 रखा गया है। वहीं महिला वर्ग में प्रथम 1501, द्वितीय 1301 एवं तृतीय 1101 का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त संगीत, व्याख्या, तबला, बैन्जो एवं हारमोनियम के लिए 151-151 के विशेष पुरस्कार भी निर्धारित हैं। प्रत्येक मानस मंडली को समिति द्वारा नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता हेतु प्रवेश शुल्क 101 रखा गया है।

कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका में व्याख्या पक्ष से गुवालचंद सिन्हा आर्यनगर, कोहका एवं संगीत पक्ष से श्री कमल नारायण वर्मा ग्राम–ओमा, बोरी रहेंगे। मंच संचालन श्री पवन कुमार सिन्हा ग्राम–मकरनपुर द्वारा किया जाएगा। समिति के संरक्षक भावेश साहू ने जानकारी दी कि इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में दुर्ग, धमतरी, बालोद, बेमेतरा, कांकेर, अभनपुर, नगरी, आरंग सहित विभिन्न जिलों से अनेक प्रसिद्ध मानस मंडलियाँ अपनी प्रस्तुति देंगी, जिनमें महिला मानस मंडलियों की विशेष सहभागिता भी रहेगी।

आयोजक समिति ने समस्त धर्मानुरागी सज्जनों, श्रद्धालुओं एवं मानस प्रेमियों से अपील की है कि वे इस पावन आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सत्संग का लाभ लें एवं कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## धान खरीदी केंद्र में किसानों से किया संवाद

# भाजपा नेताओं को किसानों ने बताया धान खरीदी में सब ठीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ उतई

किसानों को पारदर्शी और सुगम धान खरीदी व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भाजपा उतई मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर के नेतृत्व में भाजपा उतई मंडल के अंतर्गत आने वाले, उतई, खोपली, मचांदूर, कोड़ियां, बोरिगारका और रिसामा सहित सभी धान खरीदी केंद्रों पर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शीतला ठाकुर ने केंद्र की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लेते हुए किसानों के सामने ही धान की बोरियों की तौल करवाई,ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि निर्धारित मानकों के अनुसार ही खरीदी की जा रही है और किसी भी स्तर पर अनियमितता की गुंजाइश न रहे। भाजपा उतई मंडल महामंत्री प्रवीण कुमार यदु ने केंद्र पर पंजीकृत किसानों की संख्या,स्लॉट बुकिंग की स्थिति, अब तक खरीदी गई धान की मात्रा तथा परिवहन की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली।

उन्होंने केंद्र प्रभारी को स्पष्ट निर्देश दिए कि केवल निर्धारित गुणवत्ता (एक्यू क्वालिटी) की धान ही खरीदी जाए तथा किसानों के भुगतान की प्रक्रिया शासन के निर्देशानुसार शीघ्र और समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाए। निरीक्षण के दौरान भाजपाइयों ने ग्राम से आए किसानों से चर्चा की। किसानों ने बताया कि खरीदी केंद्र में धान की तुलाई आसानी और पारदर्शिता के साथ की जा रही है। उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है।



किसानों से केंद्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं,जैसे बैठने की व्यवस्था,पानी,छाया एवं तौल व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

भाजपाइयों ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि धान खरीदी कार्य पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ संपन्न हो। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उतई नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू,नगर पंचायत उतई उपाध्यक्ष शिनारायण देशमुख,वृत्ताकार सेवा सहकारी समिति उतई अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा,सेवा सहकारी समिति मचादूंर प्राधिकृत अध्यक्ष फलेन्द्र सिंह राजपूत,पार्षद सोनू राजपूत,सुनीता चंद्राकर, संगीत रजक,विजय लक्ष्मी साहू, घनश्याम चंद्राकर,राजूलाल साहू,रूपेश पारख,जितेंद्र साहू, सुलेंद्र निर्मलकर,नेमन साहू,घनश्याम साहू,प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।

## बिजनेस न्यूज

### यूरोलॉजी इलाज में आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल बढ़ा भरोसा



**भिलाई।** आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने काफी कम समय में यूरोलॉजी के इलाज को लेकर बड़ा नाम कमा लिया है। एक वर्ष के भीतर अस्पताल ने न सिर्फ दुर्ग बल्कि आसपास के जिलों के मरीजों का भी विश्वास जीता है। लोगों के लिए यह एक भरोसेमंद यूरोलॉजी सेंटर बन गया है। अस्पताल के अनुभवी यूरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. नवीन राम दारुका (M.Ch यूरोलॉजी, BHU) के कुशल नेतृत्व में बीते 12 महीनों में 1700 से अधिक किडनी स्टोन सर्जरी, 50 से ज्यादा पेनाइल इम्प्लांट ऑपरेशन, 160 से अधिक रिकंस्ट्रक्टिव यूरोलॉजी सर्जरी और 65 से ज्यादा पुरुषों में बांझपन का सफल इलाज किया गया है। यहां के विशेषज्ञों का कहना है कि रात में बार-बार पेशाब आना, पेशाब में जलन या दर्द, कम मात्रा में पेशाब होना, पेशाब की धार का कमजोर होना, अधूरा पेशाब लगना या कमर के एक ओर तेज दर्द जैसी समस्याएं गंभीर यूरोलॉजिकल रोगों के शुरुआती संकेत हो सकते हैं। समय पर जांच और सही इलाज से न केवल बड़ी सर्जरी से बचा जा सकता है, बल्कि भविष्य की जटिलताओं को भी रोका जा सकता है।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह में वाहन चालकों की हुई नेत्र जांच, ब्लड डोनेट कर दी मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को नियमों के प्रति जागरूक किया। अभियान में अधिक से अधिक लोगो को जोड़ने के लिए सुरक्षित परिवहन को ध्यान में रखते हुए 1 से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया है। सड़क सुरक्षा माह के दौरान 9 जनवरी सड़क दुर्घटनाओं में घायल की मदद के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ट्रैफिक पुलिस के साथ आम नागरिकगण ने भी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। एएसपी सुखनंदन राठौर द्वारा रक्तदान करने वाले सभी को प्रमाण पत्र व हेलमेट देकर सम्मानित किया। ट्रैफिक पुलिस सड़क सुरक्षा माह जिला स्तर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सड़क हादसों में कमी लाने, सुरक्षित परिवहन को बढ़ावा देना और आम नागरिकों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करना है। रक्तदान शिविर का उद्देश्य सड़क हादसों में घायलों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना रहा। रक्तदान शिविर में ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ-साथ आम नागरिकों ने सहभागिता करते हुए रक्तदान किया। रक्तदान शिविर के साथ-साथ निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 86 लोगों द्वारा नेत्र परीक्षण कराया गया। इसमें बस चालक, कंडक्टर एवं ऑटो चालकों का नेत्र परीक्षण भी किया गया। नेत्र जांच उपरांत आवश्यकता अनुसार पात्र चालकों को निःशुल्क चश्मों का वितरण भी किया गया।

## 86 लोगों ने लिया लाभ हुआ चश्मा का भी वितरण





### हेलमेट व प्रमाण पत्र से किया सम्मानित

बस स्टैंड, दुर्ग में बालाजी ब्लड बैंक, श्री गणेश विनायक फाउंडेशन, ट्रैफिक पुलिस दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर व निशुल्क नेत्र जांच शिविर भी 9 जनवरी को संपन्न हुआ। ट्रैफिक पुलिस आम नागरिकों से अपील किया है कि सड़क हादसों की रोकथाम के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक व्यक्ति को ट्रैफिक नियमों का पालन स्वयं से शुरू करना चाहिए। नेत्र जाँच शिविर के दौरान जिनको चश्मा की आवश्यकता थी उनको निः शुल्क वितरण किया गया। रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वाले आम नागरिकों, ट्रैफिक पुलिस के जवानों को हेलमेट व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप



### बीएसपी में फाइनेंस फॉर नॉन-फाइनेंस मैनेजर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम

**भिलाई।** बीएसपी (बीएसपी) के मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग द्वारा फाइनेंस फॉर नॉन-फाइनेंस मैनेजर्स" विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षमता-विकास पहल के रूप में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से 34 प्रबंधकों ने अपनी सहभागिता दी। उद्घाटन कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम द्वारा किया गया। उन्होंने परिचालन निर्णयों को वित्तीय अनुशासन एवं संगठनात्मक लक्ष्यों के अनुरूप बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। महाप्रबंधक प्रभारी एवं विभागाध्यक्ष एसके श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों को निरंतर अधिगम की भावना विकसित कर व्यावसायिक कौशल को सशक्त करने की आह्वान किया।

### 400 लोहे के कड़े जब्त

**भिलाई।** नंदिनी थाना क्षेत्र से आयोजित मड़ई मेला शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने व अपराधों के रोकथाम के लिए पुलिस व्यवस्था लगाकर असामाजिक तत्वों एवं सन्देहियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। मेला के दौरान पुलिस व्दारा अभियान चलाकर बड़े-बड़े लोहे का कड़ा पहनकर घूम रहे असामाजिक किस्म के युवकों पकड़कर कड़ा निकलाया गया। अभियान में 400 लोहे का कड़ा को पुलिस ने जब्त किया है।

### गोपाल बने प्रदेश कार्यसमिति सदस्य

**भिलाई।** नूतन चौक भिलाई तीन निवासी भाजपा नेता गोपाल मेहता को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया गया है। इससे पहले गोपाल मेहता अविभाजित चरोदा मंडल भाजपा कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। इस दौरान गोपाल मेहता ने कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास और भरोसा से जिम्मेदारी सौंपा है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करुंगा। किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति में नियुक्त किए जाने पर भिलाई दुर्ग समेत कार्यकर्ताओं ने हर्ष बना हुआ है। नियुक्ति पर गोपाल मेहता ने किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर का आभार जताया है।



### एसएसपी ने ली कोर्ट मोहर्रिर और आरक्षक की बैठक



**भिलाई।** एसएसपी विजय अग्रवाल ने कोर्ट मोहर्रिर व आरक्षक की बैठक लिया। सेक्टर 6 भिलाई नगर पुलिस कंट्रोल में हुए बैठक में एसएसपी द्वारा चिन्हित अपराध योजना के अंतर्गत चयनित अपराधों में दर्ज प्रथम सूचना पत्र से लेकर अंतिम विचारण तक की जानकारी रखने और अपराधों के रजिस्टर संधारण करने हिदायत दिया। बैठक में एसएसपी ने कहा कि निगरानी गुंडा बदमाशों, गंभीर अपराध में शामिल अरोपियों के जमानत निरस्तीकरण के प्रक्रिया के बारे में भी समझाया। एएसपी अभिषेक झा, मणिशंकर चंद्रा समेत जिले के सभी थाना चौकी के कोर्ट मोहर्रिर आरक्षक शामिल हुए।

## बुनियादी सुविधाएं बदहाल, कब्जों से बढ़ रही अराजकता

# टाउनशिप की सबसे बड़ी कालोनी सेक्टर-6 झेल रही उपेक्षा का दंश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी टाउनशिप की सबसे बड़ी और सबसे पुरानी कालोनी सेक्टर 6 उपेक्षा का दंश झेल रहा है। सैकड़ों रहवासियों को बुनियादी सुविधाओं से जूझना पड़ रहा है। यूनियनों ने प्रबंधन से जल्द नागरिक सुविधाओं को दुरुस्त किए जाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी के निर्माण के साथ ही टाउनशिप के विकसित होने के दौरान सबसे पहले सेक्टर 6 और सेक्टर एक का निर्माण किया गया था। टाउनशिप के मध्य में स्थित यह सेक्टर अपने आधा दर्जन मार्केटों के साथ सुर्वसुविधायुक्त हजारों आवासों के के चलते भिलाई का आकर्षण भी था। लेकिन पिछले कुछ सालों में ही यह कालोनी उपेक्षा का दंश झेल रही है। वर्षों पुराने क्वार्टरों का संधारण नहीं होने, कब्जों के संजाल और जमींदोज क्वार्टर तथा खंडहरों के मलबों और बुनियादी सुविधाओं को अपडेट या दुरुस्तीकरण नहीं होने का खामियाजा रहवासियों को भुगतना पड़ रहा है। यूनियनों के मुताबिक पेयजल, सफाई, सड़कों, बिजली और जर्जर आवासों के अंदर की समस्याओं के चलते रहवासियों को रहवास मुश्किल हो रहा है। सीवेज व पेयजल पाइप लाइन सालों पुरानी होने से आवासो में गंदे पानी व ऊपर माले में पानी नहीं चढ़ने के समस्या बनी हुई है। अनफिट आवासों को ढहाने के बाद अधिकतर क्रास स्ट्रीटों के तारकोल उखड़ चुके हैं और जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे हैं। इनसे दुर्घटनाएं और बारिश में पानी भर जाने की समस्या होती है। अवासों के टायलेट में जामस,वायरिंग व पंखे झूलनी की शिकायतें बढ़ रही हैं।

### यूनियनों ने की नागरिक सुविधाओं को दुरुस्त करने की मांग



### कब्जों ने बिगाड़ी सूरत

सेक्टर 6 में अधिकतर ब्लाको के जर्जर हो चुके हैं। जर्जर और अन्य आवासों में अवैध कब्जे हैं। बीएसपी द्वारा अवैध कब्जे हटाने मुहिम के तहत सौ से अधिक अनफिट ब्लाकों को ढहाया जा चुका है। वहीं सैकड़ों मकान में कब्जाधारी निवासरत हैं। वहीं ढहाए गए आवासीय ब्लाकों के खंडहरों व मलबों में अराजकत तत्वों का डेरा रहता है। रहवासी बीएसपी कर्मियों ने बताया कि कई कब्जाधारी उन मकानों में भी रह रहे हैं जिनके खिड़की दरवाजे बीएसपी ने निकाल लिए हैं।

### सबसे बड़ा मार्केट बैरौनक हो रहा

सेक्टर 6 के उजाड़ होने से यहां का सबसे बड़ा बाजार सेक्टर 6 भी बेरौनक हो रहा है। हजारों बीएसपी रहवासियों के रिटायर होने और जर्जर मकानों, कब्जाधारियो की बेदखली के बाद मार्केट का व्यवसाय आधे से भी कम रह गया है। तीज त्योहारों को ही रौनक दिखाई देती है। यही हाल अन्य पांच बाजारों बी मार्केट, सी, ई, ई, डी मार्केट का है। व्यवासियों ने बताया कि पिछले दस साल में व्यवसाय बहुत गिर गया है। वहीं सेक्टर अधिकतर हिस्से मे खंडहरो व मलबों से वीरानी और अराजकता का माहौल है।

### बंद हो चुके मेंटेनेंस, अस्पताल व स्कूल

सेक्टर 6 में पिछले दो दशकों के दौरान दो मेंटेनेंस आफिस, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और चार बीएसपी स्कूल बंद हो चुके हैं। स्वास्थ्य केंद्र भवन एक यूनियन को आवंटित है। एक मेंटेनेंस कार्यालय में जिम संचालित है और एक अन्य खंडहर हो चुका है। सीनियर सेकंडरी स्कूल भवन खाली है, प्रायमरी में महिला समाज क्लब खुल चुका है। रहवासियों ने बताया कि सेक्टर 6 की एचएससीएल कालोनी भी उपेक्षित है और सालों पुराना हावड़ा ब्रिज जर्जर हो चुका है। सेक्टर 6 को नए सिरे से विकसित किये जाने की जरुरत है।

# महिला स्वयंसेविकाओं ने की वेतनमान और सेवा शर्तों में सुधार की मांग

### विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

महिला स्वयंसेविका कल्याण समिति, जिला दुर्ग की ओर से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में चेतना महिला पुलिस स्वयंसेवका और वालंटियर की लंबे समय से लंबित मांगों को उठाया गया है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए महिला स्वयंसेविका कल्याण समिति की अध्यक्ष तोहिमा बंजारे ने बताया कि कलेक्टर दर पर वेतनमान के साथ त्वरित बहाली की जाए। महिला स्वयंसेविकाओं का कहना है कि वे शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई हैं। इसके बावजूद उन्हें आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा से वंचित रखा गया है। समिति ने विधानसभा अध्यक्ष से मांगों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया है। इस दौरान महिला स्वयंसेविका कल्याण समिति की अध्यक्ष तोहिमा बंजारे, धारिणी देवांगन, कल्याणी वर्मा, नूतन सिंह, दीपिका वर्मा, कल्याणी साहू, पुष्पा बंजारे व निर्मला बंजारे उपस्थित थे।

# निर्यात कर को लेकर भिलाई निगम ने शासन से मांगा मार्गदर्शन



**भिलाई ।** नगर निगम भिलाई ने शहर के सभी उद्योगपतियों को निर्यात कर लगाकर नोटिस जारी किया है। इस मामले को लेकर प्रतिनिधिमण्डल ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय से भेंटकर उन्हें स्थिति से अवगत कराया। पाण्डेय ने इस विषय पर वित्त सचिव मुकेश बंसल से चर्चा की। उन्होंने बताया कि जब जीएसटी लागू हुआ था, तब यह प्रावधान किया गया था कि नगर निगम संपत्ति कर को छोड़कर कोई अन्य कर नहीं लेगा। बाकी सभी कर जीएसटी में शामिल कर दिए गए हैं। इसके बाद आज नगर निगम आयुक्त से भी बातचीत की गई। उनसे पूछा गया कि जब सरकार ने पहले ही निर्णय लिया था कि जीएसटी लागू होने के बाद कोई अतिरिक्त कर नहीं लगाया जाएगा, तो फिर निर्यात कर के नाम पर नोटिस क्यों जारी किया गया। इस पर आयुक्त ने बताया कि यह मामला शासन को मार्गदर्शन के लिए भेजा गया है जिस पर निर्णय शासन के स्तर पर लिया जाएगा।

# सिंगल यूज प्लास्टिक रखने वाले दुकानों पर की चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से व्यापारियों एवं नागरिको को जागरूक किया जा रहा है। इसके बाद भी प्रतिष्ठान एवं फल ठेला वाले प्लास्टिक में सामग्री डालकर विक्रय कर रहे है। प्लास्टिक स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक होता है और नष्ट नहीं होता है, फिर भी इसका उपयोग लगातार किया जा रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जोन-1 नेहरू नगर के स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही करते हुए समझाइस दिया जा रहा है। वार्ड क्रं. 17 नेहरू भवन एवं वार्ड क्रं. 10 लक्ष्मी नगर के पास प्रतिष्ठानों एवं फल ठेला में पहुंचकर जांच किया गया। इनके पास से प्रतिबंधित सिंगल युज प्लास्टिक पाये जाने पर कार्यवाही की गई एवं प्लास्टिक को जप्त किया गया। इन दुकानों पर किया गया कार्यवाही खंडेलवाल किराना दुकान 1000, संकल्प ट्रेडर्स 200, साहू दोना पत्तल दुकान 100, जीतू जसवाल फल ठेला 100, अनीता सोनकर फल ठेला 100, राधे श्याम फल ठेला 50, सारधा फल ठेला 50 इस प्रकर कुल 1600 रूपये की चालानी कार्यवाही किया गया है। यह भी समझाया गया है कि दुबारा जांच के दौरान प्लास्टिक पाया जाता है, तो अनुज्ञप्ति लाईसेंस निरस्त किया जाएगा।

# खाली मैदान को सार्वजनिक स्थल बनाने की रखी मांग

### वार्ड 6 संजय नगर तालाब के पास है यह जमीन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वार्ड 6 संजय नगर तालाब के बाजू की रिक्त भूमि पर शापिंग कांपलेक्स बनाने के विरोध शुरू हो गया है। स्थानीय पार्षदों व रहवासियों ने एक समाचार पत्र में छपी इस खबर के बाद विरोध व्यक्त किया। पार्षद हरिओम तिवारी,रवि शंकर कुर्रे , श रानू राजू साहू एवं संजय नगर क्षेत्र के लोगों ने निगम आयुक्त के नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि खाली भूमि पर शॉपिंग काम्पलेक्स बनाया जायेगा जिसे पढ़कर हम लोग बहुत ही चिंतित है। अब हमारे वार्ड के बच्चे खेलने कहां जाएंगे। हम जब अपने बेटे-बेटी की शादी एवं सार्वजनिक कार्यक्रम करने कहां जाएंगे, क्योंकि यहां पर रहने वाले सभी मजदूर वर्ग के है। जो किसी भवन का किराया देने में असमर्थ है। संजय नगर वासियों के सभी कार्य के लिए मात्र, एक ही रिक्त भूमि है, जिसे हम सुरक्षित करवाना चाहते हैं। स्थल को बच्चों के खेलने एवं सामाजिक व सार्वजनिक कार्य हेतु सुरक्षित करवाने की मांग रखी।

# बीएसपी की गिफ्ट मिल्क योजना का तीसरा चरण शुरू

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) की पोषण आधारित सीएसआर पहल गिफ्टमिल्क कार्यक्रम का तृतीय चरण दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय सीएसआर कॉन्क्लेव के दौरान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा किया गया। यह कॉन्क्लेव "पोषण सुरक्षा एवं कुपोषण उन्मूलन में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व की भूमिका विषय पर एनडीडीबी फाउंडेशन फॉर न्यूट्रिशन (एनएफएन) द्वारा आयोजित किया गया था। उल्लेखनीय है कि सीएसआर के अंतर्गत क्रियान्वित गिफ्टमिल्क कार्यक्रम के तृतीय चरण में बीएसपी के लौह अयस्क खदानों के बफर जोन अंतर्गत स्थित शासकीय विद्यालयों में 4 हजार बच्चों को विटामिन–ए एवं डी से युक्त फ्लेवर्ड दूध उपलब्ध कराया जाएगा। यह दूध एनडीडीबी द्वारा प्रबंधित छत्तीसगढ़ दुग्ध महासंघ के माध्यम से वितरित किया जाएगा। इस अवसर पर सेल की ओर से निदेशक अशोक कुमार पंडा व कार्यपालक निदेशक राजीव पांडेय ने संगठन का प्रतिनिधित्व करते हुए सम्मान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त सेल- निगमित कार्यालय के सीजीएम हरिमोहन झा, जीएम मलय गोस्वामी, एजीएम वीणू बाला सहित बीएसपी के जीएम मनोज दुबे भी उपस्थित थे।गिफ्टमिल्क कार्यक्रम, भिलाई इस्पात संयंत्र की एक लक्षित सीएसआर पहल है, जिसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ के लौह अयस्क खदान क्षेत्र में स्कूली बच्चों के बीच कुपोषण को कम करना, स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार लाना, विद्यालय उपस्थिति बढ़ाना है।

## 50 सालों से निवासरत लोगों में खलबली

# रुआबांधा बस्ती में बेदखली के विरोध में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



रुआबांधा बस्ती में सालों से निवासरत लोगों को बेदखली के नोटिस से खलबली मच गई है। नोटिस के विरोध में आम आदमी पार्टी के साथ प्रभावितों ने धरना-प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है। प्रभावितों का कहना है कि 50-60 साल से यहां रहने के बाद हटाने नोटिस देने से परिवार के लोग मानसिक रूप से परेशान है। बेघर होने से उनके समक्ष रोजी रोटी का संकट भी खड़ा हो जाएगा।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री संजीत विश्वकर्मा ने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र को सामने रख छत्तीसगढ़ राज्य की सरकार गृह निर्माण मंडल के नाम से स्थानीय रहवासियों मे जो पट्टाधारी है जो प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास बना कर रह रहे हैं उन्हें भी तोड़े जाने का फरमान छत्तीसगढ़ राज्य गृह निर्माण मंडल से जारी करवाया है। एक प्रकार से जनता के साथ धोखा है और उन्हें उनके अधिकारों से वंचित कर उन्हें आर्थिक रूप से ध्वस्त करने का प्रयास किया जा रहा है। आम आदमी पार्टी लोक सभा अध्यक्ष गीतेश्वरी बघेल ने कहा गरीब जनता तथा क्षेत्र वासियों को नए वर्ष 2026 को सरकार द्वारा बेघर करने की नीति बेहद निंदनीय तथा शर्मनाक है। हज़ारों गरीब मजदूर बेघर हो जाएंगे, सब्जी बेचकर छोटे-मोटे दुकान लगाकर अपना जीवन यापन करने वाले लोग बेसहारा हो जाएंगे। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के लोकसभा उपाध्यक्ष शिवा रायुडु एवं मनहरण लाल साहू एवं ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश नागेश , काजल दामले, संतोषी यादव, परवीन बानो शेख, दुलारी निर्मलकर, लक्ष्मी, राजकुमारी, लोकेश्वरी, जीहांना बेगम, सरोज गांधेवर, लक्ष्मी, अनीता यादव, विनाश गंधर्व, मंजू मेश्राम , सुहासिनी चौहान, सन्नी , प्रकाश, रामजी, अगरदास मानिकपुरी ,अरुण कुमार व स्थानीय क्षेत्रवासी शामिल रहे।








04

लोहड़ी पर दिखाना है पारंपरिक अंदाज अपनाएं ऐसा आउटफिट

## सिटी इवेंट

### छा गया रिखी का छत्तीसगढ़िया रंग देशभर के दलों के बीच मिली सराहना



**भिलाई।** प्रख्यात लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय व उनके समूह ने अंडमान निकोबार द्वीप समूह में छत्तीसगढ़ी संस्कृति के जमकर रंग बिखेरे। हाल ही में वहां संपन्न हुए आईलैंड टूरिज्म फेस्टिवल-2025 में देश भर के कलाकारों के बीच रिखी क्षत्रिय के समूह ने छत्तीसगढ़ लोकनृत्य व संगीत का जादू जगाया। जिसे अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के प्रशासक उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी सेवानिवृत्त सहित सभी अतिथियों और देश भर के सैलानियों ने खूब पसंद किया। प्रशासक ने रिखी और उनके समूह की प्रस्तुति की बेहद तारीफ की।

संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा छत्तीसगढ़ शासन रायपुर की ओर से अंडमान निकोबार के इस लोक नृत्य महोत्सव में रिखी क्षत्रिय व उनके समूह को भेजा गया था। जिसमें रिखी के साथ 16 सदस्यीय दल ने वहां के अलग-अलग द्वीपों में 31 दिसंबर तक अपनी प्रस्तुति दी। रिखी क्षत्रिय ने बताया कि इस प्रतिष्ठित समारोह में 10 राज्यों के लोकनृत्य समूहों को आमंत्रित किया गया था। जहां देश भर के इन समूहों के बीच उनके दल ने ककसाड़ नृत्य, माड़ी करमा और परब की प्रस्तुति दी। यह प्रस्तुतियां अंडमान के वंडूर, मरीन, डिगलीपुर एवं आईटीएफ में दी गईं। इन प्रस्तुतियों के बाद अंडमान निकोबार द्वीप समूह के कला एवं संस्कृति विभाग की निदेशक प्रियंका कुमार ने छत्तीसगढ़ के सभी कलाकारों का अभिनंदन किया और उनकी प्रस्तुति को सराहा। इस समूह में कुलदीप सार्वा, प्रदीप ठाकुर, संजीव कुमार, पारस रजक, सुनील, भीमेश सतनामी, वेद प्रकाश, प्रमोद, जया ठाकुर, प्रियंका साहू, हेमा, लीना, हुलसी, नेहा देवांगन और गीतांजली साहू शामिल थे। रिखी क्षत्रिय ने बताया कि यहां प्रस्तुतियों से मिली सराहना से सभी कलाकार बेहद उत्साहित हैं। विशेष कर देश भर के सैलानियों और वहां के स्थानीय प्रशासन के उत्साहवर्धन ने सभी छत्तीसगढ़ी कलाकारों को खूब बढ़ावा दिया।



## तीन दिनों तक भिलाई में प्रलेसं के राज्य सम्मेलन में दिग्गज लेखकों के साथ की थी प्रेरक शिरकत

# लघुभारत की सामाजिक व साहित्यिक समरसता के कायल थे साहित्यकार ज्ञानरंजन, अर्जुन सिंह ने की थी बेबाकी की तारीफ



**अपनी वैचारिक प्रतिबद्धता के साथ भारतीय मध्यम वर्गीय समाज की विषमताओं और अभिव्यक्ति को ताउम्र रचनात्मक स्वर देने वाले देश के प्रख्यात साहित्यकार ज्ञानरंजन की खासियत हिंदी कहानी और ज्वलंत मुद्दों को लेकर वैचारिक बेबाकी थी। देश की स्वतंत्रता के सपने के मोहभंग की छटपटाहट और राजनीतिक चेतना की पहल को सृजनात्मक गति देने वाले वे देश के उम्रदराज चुनिंदा साहित्यकारों में शुमार थे। नई पीढ़ी को यह जानकर सुखद आश्चर्य हो सकता है कि कला साहित्य की राजधानी के नाम से जाने जाने वाले भिलाई से भी उनका गहरा रिश्ता रहा है। साहित्यिक वातायन के साथ लघुभारत का सामाजिक सदभाव और श्रम की समृद्ध परंपरा उनके लिए एक यादगार रचनात्मक अनुभव था। भिलाई के वरिष्ठ साहित्यकारों के जेहन में उनके सान्निध्य की यादें वर्षों बाद भी तरोताजा हैं।**

**विमलशंकर झा/ भिलाई।** रचनाकारों ने उनके निधन को हिंदी कहानी के साथ प्रगतिशील आंदोलन का महत्वपूर्ण स्तम्भ के ढहने के साथ एक युग का अंत बताया है। देश के प्रसिद्ध कथाकार, आलोचक प्रतिष्ठित साहित्यिक पत्रिका पहल के संपादक ज्ञानरंजन नहीं रहे। उन्होंने 90 वर्ष की उम्र में अपनी कर्मभूमि गृहनगर जबलपुर में आखिरी सांस ली। वे साठ के दशक में प्रसिद्ध कहानीकार दूधनाथ सिंह, काशीनाथ सिंह और रविंद्र कालिया के साथ चार यार के रुप में प्रसिद्ध थे, जिन्होंने हिंदी कहानी को प्रगतिशील धार देने के साथ आजादी के बाद के बिखरते ख्वाब और समाजिक बदलाव को मुखर करने के साथ नई कहानी आंदोलन को भी वैचारिक प्लाट दिया। अपनी प्रतिनिधि कहानी पिता के साथ सपना नहीं, फेंस के इधर उधर,अमरुद का पेड़, बहिष्कार, क्षणजीवी, यात्रा व कबाड़खाना सहित व्याख्यानों, सस्मरणों, साक्षात्कारों और करीबन आधी सदी तक हिदी साहित्य की प्रतिष्ठित साहित्यिक पत्रिका पहल का संपादन कर नए लेखकों प्रोत्साहित किया व समाज में चेतना जगाई। शहर के साहित्यकारों के मुताबिक वैचारिक प्रतिरोध के बाद भी पीएम इंदिरा से लेकर सीएम अर्जुन सिंह तक उनकी बेबाकी के प्रशंसक थे। मप्र साहित्य परिषद के प्रतिष्ठित सुभद्रा कुमारी चौहान सम्मान सहित मैथिली शरण गुप्त और शिखर सम्मान से विभूषित और देश की साहित्यिक बिरादरी के बीच ज्ञानजी के नाम से लोकप्रिय ज्ञानरंजन के भिलाई आगमन की यादें यहां के साहित्यकरों के जेहन में वर्षों बाद आज भी तरोताजा हैं। छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य सम्मेलन और छग प्रगतिशील लेखक संघ भिलाई दुर्ग के पूर्व अध्यक्ष रवि श्रीवास्तव बताते हैं कि साठोत्तरी पीढ़ी के अगुवा कथाकारों में शामिल मप्र प्रलेसं के अध्यक्ष रहे ज्ञानरंजन का 90 के दशक में 3 दिनों के लिए भिलाई आगमन साहित्यकारों के लिए यादगार था। उनके निधन से साहित्य के एक युग का अंत हो गया।



### लोकबाबू की कहानी को दी देशव्यापी पहचान

देश के सैकड़ों युवा कथाकारों के प्रोत्साहन सहित प्रसिद्ध कथाकार लोकबाबू की भी



चर्चित कहानी मेमना को अपनी साहित्यिक पत्रिका पहल में प्रकाशित कर देशव्यापी पहचान दी। प्रसिद्ध कहानीकार प्रलेसं के पूर्व प्रांतीय महासचिव लोकबाबू बताते हैं कि पहल में प्रकाशित यह कहानी रुसी व जापानी आदि भाषाओं में भी अनुदित हुई थी। ज्ञानरंजन ने युअपनी विचारधारा के साथ कभी समझौता नहीं किया। उनके निधन से कहानी की पहल को आगे बढ़ाने वाले गमगीन हैं। प्रगतिशील लेखक संघ भिलाई दुर्ग के अध्यक्ष परमेश्वर वैष्णव बताते हैं कि साहित्य व संगठन को छह दशक तक दिशा देने वाले साहित्यकार ज्ञानरंजन ने कोरोनाकाल में भी लिखना व बिरादरी की हौसलाआफजाई करना नहीं छोड़ा। यह जबलपुर का सौभाग्य है कि शहर ने देश को हरिशंकर परसाई, सुभद्रा कुमारी चौहान व ज्ञानजी जैसी कई विभूतियां दीं।

### भिलाई के साहित्यिक माहौल और भाईचारे के कायल

प्रसिद्ध साहित्यकार स्व. प्रो. ज्ञानरंजन प्रेमचंद स्थापित



प्रलेसं संगठन के अहम स्तंभ थे। वे 16,17 व 18 दिसंबर 1995 को मप्र प्रगतिशील लेखक संघ भिलाई दुर्ग के द्वारा 16,17 व 18 दिसंबर को अग्रसेन भवन व नेहरु भवन से. 1 में आयोजित राज्य सम्मेलन में आए थे। प्रलेसं के तत्कालीन अध्यक्ष व वरिष्ठ व्यंग्यकार रवि श्रीवास्तव बताते हैं कि उन्होंने तीन दिनों तक अपने सहज सरल व्यक्तित्व और साहित्यिक सत्रों में अपनी वैचारिकता से सभी का दिल जीत लिया था। ज्वलंत मुद्दों के साथ उनकी कहानी पिता व अमरुद का पेड़ सहित अन्य कृतियों के सृजन पर दिलचस्प चर्चा के साथ भिलाई को यह गौरव है कि सम्मेलन में उन्हें मप्र प्रलेसं के महासचिव से प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ओएनवी कुरुप, काशीनाथ सिंह, डां. खगेंद्र ठाकुर, प्रो, भगवत रावत व विश्वनाथ त्रिपाठी जैसे देश के दिग्गजों के साथ ज्ञानरंजन की भिलाई होटल में चाय पर किताबों व देश दुनिया की बेहतरी पर चर्चाएं, व यहां के श्रम व सामाजिक एकता की तारीफ अविस्मरणीय हैं। श्री श्रीवास्तव बताते हैं कि 85 में जलबपुर सम्मेलन में भी मुझे सीएम अर्जुनसिंह के मुख्यातिथ्य में हरिशंकर परसाई के उद्घाटन भाषण व ज्ञानरंजन की बेबाकी की तारीफ याद है।

## लाइव इवेंट

### कृषि, जैव प्रौद्योगिकी और अनुसंधान के पहलुओं से स्टूडेंट्स हुए अवगत



**भिलाई।** रुंगटा विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा बीएससी एवं एमएससी. जैव प्रौद्योगिकी के विद्यार्थियों के लिए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण के द्वारा विद्यार्थियों को कृषि और जैव प्रौद्योगिकी के व्यावहारिक, अनुसंधान और अनुप्रयोगात्मक पहलुओं से अवगत कराया गया था।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने आईजीकेवी स्थित रिचारिया अनुसंधान प्रयोगशाला का अवलोकन किया, जहां उन्हें धान अनुसंधान, जैव विविधता संरक्षण और पारंपरिक एवं उन्नत फसल सुधार तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई।

■ **कृषि जैव प्रौद्योगिकी की छात्रों को मिली व्यावहारिक समझ**

इसके अतिरिक्त, विद्यार्थियों ने जैव-नियंत्रण एजेंट प्रयोगशाला का भी भ्रमण किया। यहां विशेषज्ञों द्वारा सूक्ष्मजीव आधारित कीट नियंत्रण, जैव कीटनाशकों और पर्यावरण-अनुकूल कृषि प्रबंधन तकनीकों पर प्रकाश डाला गया। इस शैक्षणिक भ्रमण का एक प्रमुख आकर्षण आईजीकेवी संग्रहालय रहा, जहां विद्यार्थियों को कृषि विज्ञान के ऐतिहासिक विकास, पारंपरिक कृषि उपकरणों, फसल विविधता एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ। संग्रहालय भ्रमण ने विद्यार्थियों को भारतीय कृषि की समृद्ध विरासत एवं नवाचारों को समझने का अवसर मिला। आईजीकेवी के वैज्ञानिकों एवं प्राध्यापकों के साथ आयोजित संवादात्मक सत्रों में विद्यार्थियों ने कृषि जैव प्रौद्योगिकी के वर्तमान एवं भविष्यगत अनुप्रयोगों, सतत कृषि, तथा अनुसंधान एवं करियर संभावनाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक रहा। इससे उनकी शैक्षणिक समझ सुदृढ़ हुई और अनुसंधान के प्रति रुचि और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास हुआ। साथ ही, इस भ्रमण ने रुंगटा विश्वविद्यालय एवं आईजीकेवी के बीच शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग को और अधिक सशक्त बनाया। इस शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम में रुंगटा यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ़ लाइफ साइंस की डायरेक्टर डॉ नीमा एस बालन, डॉ. विजयलक्ष्मी घोष और आंचल लोनहारे का विशेष योगदान रहा।

### गौ-सेवा के लिए गौठान में चलेगा अभियान

**भिलाई।** शहर में गौ-सेवा के लिए गौठान में साफ-सफाई की जाएगी। इसे लेकर अभियान चलाया जा रहा है। कोसानगर गौठान में गौ-सेवा एवं स्थल के प्रतिदिवस निरीक्षण के लिए अधिकारियों की डयूटी लगाई गई है। दिन के हिसाब से निगम के अधिकारी स्थल का निरीक्षण करेंगे। साथ ही गौठान की व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए प्रयास करेंगे। आयुक्त राजीव पांडेय ने आदेश जारी किया।

# अंतरराष्ट्रीय बाल बैडमिंटन श्रृंखला में भारत का दबदबा, नेपाल को 3-0 से हराकर किया क्लीन स्वीप

**भिलाई।** भिलाई। नेपाल काठमांडू विराटनगर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय बाल बैडमिंटन श्रृंखला में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेजबान नेपाल को 3-0 से पराजित कर क्लीन स्विप किया। भारत के टीम ने अपने मुकाबलाओं आसान जीत दर्ज किया नेपाल काठमांडू विराटनगर अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट मैच में भारतीय टीम ने नेपाल को 35 -26 और 33-19 से पराजित किया। नेपाल पर भारत ने आसान जीत दर्ज की। जीत के साथ ही भारतीय टीम ने तीन टेस्ट श्रृंखला में नेपाल को लगातार हराते हुए 33-0 से श्रृंखला अपने नाम कर ली। अंतर्राष्ट्रीय बाल बैडमिंटन श्रृंखला ऑफ एशिया के तत्वावधान में तथा बाल बैडमिंटन फेडरेशन ऑफ़ नेपाल द्वारा आयोजित की गई थी। श्रृंखला के अंतर्गत तीसरे और



अंतिम दिन पुरुष के हैट्रिक मैच जीते हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल विराटनगर नेपाल काठमांडू में खेले गए भारत की ओर से कुणाल साहू ,प्रशांत, उपेंद्र मिश्रा, सूर्या और रोहित ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए टीम ने जीत दिलाई।

मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्रीय मंत्री टीकाराम पुरी, प्रदेश अध्यक्ष प्रेम सुधार प्यास्वसन, जिला अध्यक्ष जॉन, अध्यक्ष अर्जुन श्रेष्ठ तथा भारतीय महासंघ के महासचिव वाय राजा राव ने खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत नेपाली बाल बैडमिंटन महासंघ के अध्यक्ष संजय कुमार यादव और आभार प्रदर्शन महासचिव अमित ने किया।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर भाषण रंगोली व काव्य पाठ स्पर्धा 12 को

**दुर्ग।** जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर भाषण, रंगोली तथा काव्य पाठ प्रतियोगिता आयोजन नगर पंचायत उतई, मंगल भवन वार्ड 7 में सुबह 11 बजे से किया जा रहा है। आयोजन में दुर्ग जिला के समस्त स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थी एवं खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। आयोजन में भाग लेने के लिए आयु वर्ग 15 से 29 वर्ष है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार भाषण प्रतियोगिता का विषय स्वामी विवेकांनद जी युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत और राष्ट्रनिर्माण के पथप्रदर्शक पर आधारित होगा।



रंगोली प्रतियोगिता का विषय युवा शक्ति एवं स्वामी विवेकानंद पर आधारित होगा। काव्य पाठ प्रतियोगिता का विषय उठो जागो स्वामी विवेकानंद जी का अमर संदेश पर आधारित होगा। आयोजन में प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ-साथ विवेकांनद की मूर्ति, तैलचित्र पर मल्यार्पण, वृक्षारोपण (एक पेड़ माँ के नाम), आत्मनिर्भर भारत, नशामुक्त भारत शपथ एवं विवेकांनद के विचारों, योगदान पर चर्चा की जाएगी।

## आर्य समाज मंदिर सेक्टर-6 भिलाई में चार दिवसीय वैदिक वार्षिक उत्सव

कार्नर न्यूज

# सरल बनें स्मार्ट नहीं, क्योंकि आपको ईश्वर ने बनाया है, वैदिक उत्सव में कन्याएं कर रही हैं वेद पाठ

**भिलाई।** आर्य समाज मंदिर सेक्टर-6, भिलाई में चार दिवसीय वार्षिक उत्सव का आयोजन 8 से 11 जनवरी तक वैदिक परंपराओं के अनुरूप श्रद्धा, अनुशासन और वैदिक चेतना के साथ किया जा रहा है। प्रतिदिन ऋग्वेद पारायण, महायज्ञ, सत्संग, प्रवचन एवं भजनों के माध्यम से वैदिक जीवन मूल्यों का संदेश दिया जा रहा है। यह आयोजन निरंतर आर्य समाज परिसर में चल रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सहभागिता कर रहे हैं।आगरा से पहुंचे आचार्य हरिशंकर अग्निहोत्री द्वारा शुक्रवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ महायज्ञ संपन्न कराया गया। अपने प्रवचनों में उन्होंने कहा कि यज्ञ करना संसार का श्रेष्ठ कर्म है, क्योंकि यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि मानव जीवन की शुद्धि, समाज में सद्भाव, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण का आधार है। उन्होंने जाति, पंथ और मजहब से ऊपर उठकर सभी को यज्ञ में आहुति देने का आह्वान किया और कहा कि सामूहिक सहभागिता से ही समाज और राष्ट्र सशक्त बनते हैं।



### सच्चा व्यक्तित्व दिखावे से नहीं, सत्य और संस्कारों से निर्मित होता है

आज के सत्संग में वैदिक विद्वान आचार्य डॉ. अजय आर्य ने जीवन की नश्वरता, व्यक्तित्व निर्माण और सामाजिक उत्तरदायित्व पर अत्यंत प्रभावशाली प्रवचन दिया। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन में कितना भी धन-संग्रह क्यों न कर ले, अंततः उसे इस संसार से विदा होना ही पड़ता है। इसलिए जीवन का लक्ष्य धन नहीं, बल्कि धर्म, सेवा, सदाचार और मानव कल्याण होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि आज का मनुष्य अत्यधिक चालाक बनने की दौड़ में सरलता और संवेदनशीलता खो रहा है। अपने सारगर्भित संदेश में उन्होंने कहा सरल बनें, स्मार्ट मत बनें, क्योंकि आपको ईश्वर ने बनाया है, किसी कंपनी ने नहीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सच्चा व्यक्तित्व तकनीक, दिखावे या भौतिक चकाचौंध से नहीं, बल्कि सत्य, संयम, करुणा और संस्कारों से निर्मित होता है। उत्सव के दौरान आर्य समाज परिसर वेद वाणी से गूंज उठा। गुरुकुल आश्रम से पहुंची वेदपाठी ब्रह्मचारिणियों सस्मिता, पूजा, प्रज्ञा, प्रियंका एवं दीपिका द्वारा किए गए वेदपाठ ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। दिल्ली से आए भजनोपदेशक कंचन कुमार आर्य ने ईश्वर भक्ति से परिपूर्ण सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इस दौरान धर्माचार्य पं. अंकित शर्मा उपस्थित रहे।



### राष्ट्र निर्माण के लिए सभी मिलकर परिश्रम करें

आचार्य हरिशंकर अग्निहोत्री ने राष्ट्र निर्माण का उदाहरण देते हुए कहा कि राष्ट्र किसी मिट्टी के ढेर की तरह नहीं, बल्कि छप्पर की तरह होता है, जिसे कोई एक व्यक्ति अकेले नहीं उठा सकता। राष्ट्र निर्माण के लिए सभी को मिलकर परिश्रम, त्याग और समर्पण के साथ कार्य करना पड़ता है। यह संदेश उपस्थित श्रद्धालुओं को सामूहिक जिम्मेदारी और सामाजिक एकता की भावना से जोड़ने वाला रहा।

### कल होगा समापन

उत्सव के दौरान प्रधान अवनी भूषण पुरंग, उपप्रधान रवि आर्य, मंत्री प्रवीण गुप्ता, कोषाध्यक्ष अरुण ग्रोवर सहित अनेक आर्यजनों ने यज्ञ में आहुति देकर विश्व शांति और मानव कल्याण की कामना की। रोज सुबह महायज्ञ, दिन में सत्संग-प्रवचन तथा सायंकाल भजन एवं वैदिक विचारों के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## सिटी इवेंट

# समाज में जागरुकता और सकारात्मक सोच को मिलेगी मजबूती



**दुर्ग।** आशीष नगर, रिसाली उरला नहर रोड दुर्ग में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ महापुराण कथा में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने व्यास पीठ की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

- आशीष नगर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन, कथा में उमड़ा जनसमूह

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है और लोगों को जीवन के सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा के माध्यम से अज्ञानता और नकारात्मकता को दूर कर भक्ति और सेवा का भाव जागृत किया जा सकता है। विधायक ने कहा कि वे हमेशा समाज के विकास और जनसेवा के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं और आगे भी इसी दिशा में कार्य करते रहेंगे। उन्होंने श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन से जुड़े सभी आयोजकों को बधाई दी और आशा जताई कि यह आयोजन समाज में जागरूकता और सकारात्मक सोच को मजबूत करेगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, राजू जंघेल, विधायक प्रतिनिधि गोविंद साहू, पार्षद मनीष यादव, विधि यादव, रमा साहू, दशरथ साहू, विपिन सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।



## सेक्टर 2 श्रीरामभद्र सेवा मंडल में श्रीमद्भागवत भागवत ज्ञान सप्ताह शुरू

# महिलाएं ही कलश धारण करने की अधिकारी, बताया भागवत कथा मनोरंजन नहीं, आत्मरंजन का है माध्यम

**भिलाई।** सम्प्रति सेवा समिति और प्रेम नरायण समिति के तत्वावधान में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का आयोजन 9 जनवरी सवरी तक दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक श्रीरामभद्र सेवा मंडल सेक्टर 2 में आचार्य संदीप तिवारी फतेहपुर वाले द्वारा सर्वजन कल्याणार्थ के उद्देश्य से किया गया है। जिसके प्रथम दिवस शुक्रवार को व्यासपीठ से कथावाचक ने भागवत कथा के महात्म्य, अर्थ, भक्ति चरित्र और धुंधकारी के कथा की व्याख्या की। सात ही महिलाओं को ही कलश उठाने का अधिकार है पुरुषों को नही के संदर्भ में भी बताया। पहले दिन कथा की शुरुआत करते हुए कथावाचक ने कहा कि राम कृपा बिनु सुलभ न सोई, बिनु सत्संग विवेक न होई, यानी जब तक मानव के जीवन में प्रभु राम की कृपा नही होती तब तक हम किसी कथा में नही जा सकते व सत्संग का लाभ नही ले सकते है। सेक्टर 2 में चल रहे श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण वातावरण में शुभारंभ हुआ। प्रथम दिवस शुक्रवार को प्रातः वेदी पूजा एवं कलश यात्रा के साथ इस दिव्य आयोजन की शुरुआत हुई। जहां संपूर्ण वातावरण भक्तिरस में सराबोर हो उठा। आयोजन में दिवंगतो की स्मृति में 7 पोथी परिवार जनों दवरा बैठाई गई है।





### कलश में तीन देवीयों का पुण्य-प्रताप

भागवताचार्य संदीप तिवारी ने भागवात कथा की शुरुआत करते हुए महिलाओं दवरा ही कलश धारण करने की महिमा बताई। उन्होंने कलश की व्याख्या करते हुए महिलाओं को बेहद ऊर्जावान व सशक्त बताते हुए कहा कि कलश तीन शब्दों से बना है। कलश में क से काली, ल से लक्ष्मी व स से माता सरस्वती का वास होता है। यह तीनों माताओं के तेज को सिर पर उठाने जैसा महान कार्य केवल महिलाएं ही कर सकती है। साथ ही कलश में जल के देवता वरुण का निवास होता है। इसलिए कलश उठाने की अधिकारी केवल महिलाएं ही मानी गई है।

### वैदिक मंत्रोउच्चार के साथ की गई वेदी स्थापना

कथा के प्रथम दिवस विद्वान पंडितों द्वारा सुबह 11 बजे से पूरे विधि-विधान से मंत्रोच्चार के साथ यजमानों ने कलश यात्रा और बेदी स्थापना कर पूजन किया। मुख्य यजमानों की उपस्थिति में दोपहर 1 बजे श्रीमद्भागवत कथा की शुरुआत आचार्य पंडित संदीप तिवारी ने भागवत जी की आरती कर किया गया। इस दौरान उन्होंने श्रीमद्भागवत कथा कब, क्यों, कैसे व उसके फल का महात्म्य व कलश के संदर्भ में विस्तार से व्याखाया की।

### भागवत कथा और बताया महात्मय

श्रीराम भद्र सेवा मंडल सेक्टर 2 के प्रांगण में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के पहले दिन कथावाचक आचार्य पंडित संदीप तिवारी ने श्रीमद्भागवत कथा के महात्म्य का सप्रसंग विस्तार से व्याख्यान करते हुए कहा कि भागवत चार शब्दों से बना है जिसका अर्थ है कि भागवत कथा सुनने से भ से भाग्य खुल जाते है, ग से गुमान ( अहंकार) घट जाता है व से वल व बुद्धी बढ़ जाती है एवं त से तकदीर खुल जाती है। वेद रुपी वृक्ष का फल ही भागवत कथा है इसलिए प्रत्येक सनातनी व्यक्ति को भागवत कथा अवश्य ही सुननी चाहिए। माता भक्ति एवं उनके दो पुत्र ज्ञान व वैराग्य के बारे में बताया।

**आज होगी इनकी व्याख्या:** आचार्य पं संदीप तिवारी ने बताया कि कथा के द्वितीय दिवस मंगलाचरण, श्री सुकदेव अवतार, परीक्षित जन्म, सृष्टी विस्तार, हिरण्याक्ष वध, राजा परिक्षित जन्म, कपिल अवतार आदि प्रसंगों का विस्तार पूर्वक व्याख्या की जाएगी।

### प्रथम दिन गोकर्ण कथा ही क्यों

आचार्य ने मोक्षदायिनी श्रीकृष्ण कथा का अमृतपान कराते हुए गोकर्ण प्रसंग के माध्यम से भागवत महात्म्य को सहज एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि प्रथम दिन की कथा को गोकर्ण कथा कहा जाता है, किंतु उसका मूल भाव धुंधकारी के उद्धार से जुड़ा है। पाप की चर्चा सुनने से पाप का अंश लगने की शंका के कारण इसे गोकर्ण कथा के रूप में श्रवण कराया जाता है। गोकर्ण जी ने भागवत कथा के माध्यम से अपने पापी भाई धुंधकारी का उद्धार किया, जिससे यह सिद्ध होता है कि भागवत कथा सुनने मात्र से भी पाप नष्ट होते हैं और जीवन का कल्याण होता है।

### श्रद्धापूर्वक किया गया श्रवण ही पूर्ण फल देता है

गयाजी में श्राद्ध के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि गया जाकर पिंडदान करना श्रेष्ठ है, किंतु पितरों से पिंड छुड़ाने का भाव नहीं रखना चाहिए। गया से लौटने के बाद भी श्राद्ध–तर्पण किया जा सकता है। गोकर्ण जी ने गया में माता–पिता एवं भाई धुंधकारी का श्राद्ध किया, माता–पिता की मुक्ति हुई, किंतु धुंधकारी के विशेष पापों के कारण उसके लिए भागवत कथा का आयोजन करना पड़ा। इससे यह संदेश मिलता है कि श्रवण में भी भेद होता है और श्रद्धापूर्वक किया गया श्रवण ही पूर्ण फल देता है।

## वार्षिकोत्सव

# नृत्य, नाटक और देशभक्ति से सजा वार्षिकोत्सव बच्चों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मोहा मन

**भिलाई।** अग्रसेन पब्लिक हाई स्कूल, कोहका भिलाई द्वारा अपना 7वां वार्षिकोत्सव का आयोजन उज्जवल मंगल भवन कोहका भिलाई में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा के साथ संस्कार, संस्कृति और रचनात्मकता को मंच प्रदान करना रहा। वार्षिकोत्सव का शुभारंभ अग्रसेन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल और संचालिका डॉ. मंजुलता अग्रवाल द्वारा सरस्वती पूजन व दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा छत्तीसगढ़ राज्यगीत की प्रस्तुति दी गई।







कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा चौथी, पांचवी और छठवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना से हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवेंद्र यादव, विधायक भिलाई नगर और विशिष्ट अतिथि अभिषेक मिश्रा पार्षद शांतिनगर थे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के मंच बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संस्था के चेयरमैन द्वारा अतिथियों का शॉल, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। विद्यालय की प्राचार्या प्रीति नारखेडे ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। इसके पश्चात अतिथियों एवं विद्यालय प्रबंधन द्वारा विभिन्न कक्षाओं के मेरिट विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में अग्रसेन ग्रुप के चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही विद्यालय में कार्यरत समस्त शिक्षिकाओं एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अग्रसेन ग्रुप के अतिरिक्त संचालक श्रीकांत दासगुप्ता, अग्रसेन प्राइवेट आईटीआई भिलाई के प्राचार्य अश्वनी गौर, अग्रसेन प्राइवेट आईटीआई धनोरा के प्राचार्य थानेंद्र राहंगडाले, अग्रसेन पब्लिक हाई स्कूल धनोरा की प्राचार्या शिवानी वर्मा आदि उपस्थित थे।

### प्रस्तुत किया शहीद भगत सिंह के स्वतंत्रता संग्राम को

नन्हे कलाकारों ने पुराने और नए गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। केजी-2 के बच्चों द्वारा पारिवारिक स्नेह पर आधारित प्रस्तुति ने अभिभावकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। देशभक्ति की भावना को मंच पर जीवंत करते हुए शहीद भगत सिंह के स्वतंत्रता संग्राम को नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही नारी शक्ति पर आधारित "मिशन सिंदूर" नाट्य प्रस्तुति ने सामाजिक संदेश दिया। छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य और हमारी सांस्कृतिक धरोहर पर आधारित प्रस्तुतियों ने पूरे सभागार को तालियों से गूंजा दिया। बच्चों ने वेडिंग थीम, क्रिकेट वर्ल्ड कप और भारत के विभिन्न त्योहारों जैसे होली, दिवाली, मकर संक्रांति, ईद, बैसाखी और राखी को नृत्य के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। हर प्रस्तुति में बच्चों का आत्मविश्वास और शिक्षकों का मार्गदर्शन साफ नजर आया।

## राज्य सीनियर कबड्डी प्रतियोगिता

# खेलो इंडिया कबड्डी में पाटन से 4 बालिकाओं का चयन



**दुर्ग।** वर्ष 2025-26 के लिए 25वीं छत्तीसगढ़ राज्य सीनियर (पुरुष/महिला) कबड्डी चौंपियनशिप का आयोजन 11 जनवरी तक कोरबा जिले के लाल मैदान दर्री में किया जा रहा है। इसमें खेलो इंडिया कबड्डी सेंटर मर्रा, पाटन से 4 खिलाड़ी बालिकाओं का चयन किया गया है। छग राज्य सीनियर प्रतियोगिता में जिले की टीम में बालिका आरती ठाकुर, जिगिशा यादव, ऐश्वर्या एवं काजल चंद्रवंशी के चयन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रवेश जोशी खेल अधिकारी अतिरिक्त प्रभार खेल एवं युवा कल्याण, प्राचार्य सेजस मर्रा, संतोष यादव ब्लॉक खेल अधिकारी पाटन, सरपंच मर्रा, खिलेन्द्र वर्मा (वासु) विद्यालय अध्यक्ष मर्रा, धीरेन्द्र वर्मा व भरत ताम्रकार कोच खेलो इंडिया मिनी सेंटर मर्रा ने बधाई दी।

### कुश्ती कोच संतोषी का किया स्वागत



**भिलाई।** कुश्ती खेल में संतोषी चंद्राकर ने लेवल 1 कोचिंग कोर्स टॉप 10 में स्थान हासिल किया और अंतरराष्ट्रीय स्तर के मुकाबलो में भारतीय कुश्ती टीम को कोचिंग करने की योग्यता को पूरा किया। यह कोचिंग कोर्स में पूरे भारत वर्ष से 200 कोचों ने हिस्सा लिया था। संतोषी के स्वागत में दुर्ग रेल्वे स्टेशन पर छत्तीसगढ़ आर्थिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शिव चंद्राकर और दुर्ग जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, समाज के अध्यक्ष मिथिलेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष कुंजीलाल चंद्राकर, कोषाध्यक्ष पिंटू चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे।

## धर्म लाइव

# विशेष बच्चों की पेंटिंग को जापानी कला पारखी ने सराहा



**भिलाई।** सामाजिक संस्थान गोल्डन एम्पथी (जीई) फाउंडेशन की पहल पर पिछले दिनों विशेष बच्चों के लिए आयोजित ड्राइंग-पेंटिंग प्रतियोगिता के चयनित चित्रों की दो दिवसीय प्रदर्शनी सिविक सेंटर, इंदिरा प्लेस स्थित नेहरू आर्ट गैलरी में लगाई गई।

प्रदर्शनी के दूसरे दिन तोषिहिरो फुजिवारा, चेयरमैन एफएसएनएल एवं कोनोइके ग्रुप ने गैलरी का भ्रमण किया। उन्होंने बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग को बड़े ध्यान से देखा तथा उनकी रचनात्मकता और प्रतिभा की सराहना की। उनकी उपस्थिति और प्रेरणादायक संदेश ने युवा कलाकारों का उत्साह बढ़ाया और प्रदर्शनी को विशेष गरिमा प्रदान की। इसी अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित सेवानिवृत्त आईएएस आर. सी. सिन्हा ने भी बच्चों की पेंटिंग की प्रशंसा करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम में जीई फाउंडेशन की ओर से प्रदीप पिल्लई, सुभागा सुरेश, ज्योति पिल्लै, गायत्री गोस्वामी, स्वाति पंडवार, स्वाति बारीक, मोनिका सिंह, सोनम सागर, नीलकमल सोनी, जावेद, तारिक खान, श्रेयस कुमार, प्रकाश देशमुख ,अजीत सिंह एवं सूर्या की गरिमामयी उपस्थिति रही। गोल्डन एम्पथी फाउंडेशन एक सामाजिक संस्था है जो क्षेत्र के दिव्यांग बच्चों के कल्याण, सशक्तिकरण एवं सर्वांगीण विकास के लिए सक्रिय रूप से कार्यरत है। फाउंडेशन की ओर से पिछले माह भिलाई निवास के सामने स्थित मैदान में विशेष बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिताएं करवाई गई थी। इसी दौरान इन बच्चों को ड्राइंग एवं पेंटिंग करने भी सुविधा दी गई थी। वहां के चयनित चित्रों की प्रदर्शनी यहां तीन दिन तक लगाए गए। जिसे यहां पहुंचने वाले कला प्रेमियों ने भरपूर सराहा।

# दुर्ग की हॉकी महिला व फुटबॉल पुरूष टीम ईस्ट जोन प्रतियोगिता के लिए रवाना



**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की हॉकी महिला टीम सम्बलपुर विश्वविद्यालय ओडिसा में और फुटबॉल पुरूष टीम वोक्सेन विश्वविद्यालय हैदराबाद में 11 जनवरी तक आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने रवाना हुए। दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.संजय तिवारी ने प्रोत्साहित किया। खेल संचालक डॉ दिनेश नामदेव ने बताया कि टीम को अभ्यास के लिए 7 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित कराया गया। दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप से मुलाकात की। सभी खिलाड़ियों को ट्रेकसूट, ड्रेस और जूता प्रदान किया गया। इस अवसर पर खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव, उपकुलसचिव डॉ. राजमणि पटेल, सहायक कुलसचिव हिमांशु मण्डावी और सहायक कुलसचिव दिग्विजय साहू उपस्थित रहे।

## अछोटी दुर्ग में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ

# भारतीय ज्ञान प्रणाली और एआई पर वैश्विक विमर्श,दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठि शुरू

कार्नर न्यूज



**अहिवारा।** सांदीपनी एकेडमी अछोटी दुर्ग में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी (हाइब्रिड मोड) की शुरुआत शुक्रवार को हुई। संगोष्ठी का विषय परंपरा और प्रौद्योगिकी का सेतु भारतीय ज्ञान परंपरा के दृष्टिकोण से कृत्रिम बुद्धिमत्ता रहा। इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक तकनीक के बीच समन्वय स्थापित कर शिक्षा, शोध एवं नवाचार को वैश्विक मंच प्रदान करना था। संगोष्ठी का आयोजन सांदीपनी एकेडमी अगेटी, वितराग रिसर्च फाउंडेशन तथा प्रगति कॉलेज, रायपुर छग के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है। संगोष्ठी में देश-विदेश के शिक्षाविदों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न परिप्रेक्ष्यो पर पेपर प्रेजेंट किए। संगोष्ठी के पहले दिन की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के कर की गई। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. भूपेंद्र कुलदीप, विशिष्ट अतिथि डॉ. ढोगेंद्र सिंह गंजीर और विशेष अतिथि डॉ. शिशिरकर्ण भट्टाचार्य उपस्थित रहे। स्वागत भाषण संरक्षक प्राचार्या डॉ. स्वाति श्रीवास्तव के द्वारा दिया गया। डॉ. दिव्या शर्मा मुख्य संरक्षक द्वारा कार्यक्रम का परिचय दिया गया, आयोन सचिव डॉ. गुंजन शर्मा द्वारा कार्यक्रम की रूप रेखा प्रस्तुत की गई।



### शोध और नवाचार के महत्व पर दिया जोर

मुख्य अतिथि डॉ. भूपेंद्र कुलदीप ने अपने वक्तव्य में भारतीय ज्ञान प्रणाली की वैज्ञानिक सोच और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साथ उसके उपयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपराओं में निहित ज्ञान आधुनिक तकनीक को नैतिक एवं मानवीय दृष्टिकोण प्रदान कर सकता है। डॉ. डोमेंद्र सिंह गंजीर ने शोध एवं नवाचार के महत्व पर बल देते हुए कहा कि इस प्रकार की अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियां शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को वैश्विक सोच से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।



### शोध पत्र किया प्रस्तुत

प्रथम दिवस के तकनीकी सत्रों में ईशु आनंद जायसवाल एक्स एप्पल, नागेंद्र यादव अमेरिका, डॉ. अंकित राजपाल दिल्ली, डॉ. अश्विनी कुमार राय दिल्ली और प्रो डॉ पायल अरोड़ा नीदरलैंड द्वारा शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। इन प्रस्तुतियों में भारतीय ज्ञान परंपरा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, शिक्षा में तकनीक की भूमिका, नवाचार एवं नैतिक मूल्यों जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई। प्रत्येक सत्र के बाद प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता की। संगोष्ठी में देश-विदेश के शिक्षाविदों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न परिप्रेक्ष्यों पर अपनी प्रस्तुति दिए। संयोजक डॉ. संध्या पुजारी द्वारा आभार व्यक्त किया गया। संगोष्ठी का मंच संचालन संयोजक डॉ. रोली तिवारी, भावना क्षत्रिय और डॉ. मीना पाण्डेय द्वारा किया गया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### स्कूल क्रिकेट में केपीएस की जीत

**भिलाई।** भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) की अंतरशालेय क्रिकेट प्रतियोगिता शुक्रवार से सी 3 ग्राउंड हॉस्पिटल सेक्टर में शुरु हुई।15 जनवरी तक चलने वाले मुकाबलों में पहले दिन टीम नालंदा विद्यालय विरुद्ध केपीएस नेहरू नगर में केपीएस नेहरू नगर ने एक विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच कुशल साहू रहे। मैच में नालंदा विद्यालय की टीम 166 रन पर आउट हो गई। विशाल साहनी ने 62 रन और राज चौधरी ने 26 रन बनाए। गेंदबाजी में नेहरू नगर के कुशल साहू ने 4 विकेट, आलोक ने तीन विकेट लिए और ओजस ठाकुर ने दो खिलाड़ियों को आउट किया। इसके पूर्व इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रोफेसर प्रमोद शंकर शर्मा ने किया। विशिष्ट अतिथि पी गोपाल राव एवं कल्पना स्वामी थे। मुख्य अतिथि प्रो. शर्मा ने स्कूल के खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी। भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव भास्कर गोस्वामी ने कहा कि ने स्कूल के खिलाड़ियों के लिए यह एक अच्छा प्लेटफार्म है जिसमें खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा इस अवसर पर एन अभिलाष, वेंकटरमन, समीर शर्मा, विक्रम दुबे, बृजेश पांडे, विजेश, टुमन लाल देवांगन, सुनील डड़सेना और विनोद देवघरे सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अभय मोहरिल ने किया।

### अंडर-19 में बिलासपुर, रायपुर और प्लेट ने जीते अपने-अपने मैच



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा आयोजित अंडर-19 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत तीसरे दिन विभिन्न टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए। धमतरी में टीम बिलासपुर विरुद्ध भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) में बिलासपुर ने एक पारी एवं 251 रन से जीत हासिल कर 7 अंक हासिल किए। न्यू ग्राउंड कांकेर में हुए मैच में टीम प्लेट कंबाइंड विरुद्ध दुर्ग के मैच में प्लेट कंबाइंड ने 38 रन से जीत हासिल की और 6 अंक प्राप्त किए। साइंस कॉलेज राजनंदगांव में टीम रायपुर के विरुद्ध रायपुर ब्लू ने एक पारी और 288 रन से जीत हासिल की और 07 अंक प्राप्त किए। दल्ली राजहरा में टीम बिलासपुर ब्लू ने कांकेर के विरुद्ध 358 रन से जीत हासिल की और 6 अंक हासिल किए। बल्लेबाजी में केपीएस नेहरू नगर ने 9 विकेट पर 167 रन बनाए। शिवम ने 40 रन, ओजस में 32 रन और आलोक ने 31 रन बनाएं। गेंदबाजी में नालंदा विद्यालय युवराज और प्रहार तिवारी ने तीन-तीन विकेट लिए। मैच के अंपायर मोहम्मद अलीम एवं सपन काकडे थे। स्कोरर की जवाबदारी पल्लवी वर्मा ने निभाई।

### प्रशिक्षण शिविर में तैयारी राष्ट्रीय खो-खो की, बनेगी छत्तीसगढ़ टीम



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो खो संघ एवं बी एस पी खो खो क्लब के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय महिला खो खो प्रशिक्षण शिविर का समापन शुक्रवार को हुआ। 3 जनवरी से बी एस पी खो खो क्लब सेक्टर 4 में जारी शिविर में विभिन्न जिलों की 25 सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ियों ने भागीदारी दी। जिनमें से अंतिम 15 चयनित खिलाड़ी काज़ीपेट तेलंगाना में 11 से 15 जनवरी तक आयोजित 57वीं राष्ट्रीय वरिष्ठ खो खो प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। उक्त प्रशिक्षण शिविर में पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी ज़फ़र सिद्दीकी एवं सिकंदर भारती ने प्रशिक्षण दिया। यहां 08 जनवरी को खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेतु मुख्य अतिथि आईपीएस भारत भूषण सिंह ठाकुर पूर्व एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ़ पुलिस, अति विशिष्ट अतिथि कुंतल बघेल महाप्रबंधक इंस्ट्रूमेंट (भिलाई इस्पात संयंत्र), डॉक्टर सुरेश शर्मा , विशेष अतिथि वंश बहादुर सिंह श्रमिक नेता (भिलाई इस्पात संयंत्र), धरमलाल , प्रदीप कुमार सीनियर सेक्शन इंजीनियर (दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे), डॉक्टर साक्षी श्रीवास्तव फिजियोथैरेपिस्ट और शिखा सिंह युवा कांग्रेस नेत्री विशेष रूप से शामिल हुए और अपना आशीर्वाद खिलाड़ियों को प्रदान किया। यह शिविर बीएसपी खो खो क्लब के अध्यक्ष संजय शर्मा महाप्रबंधक एनवायरमेंट (भिलाई इस्पात संयंत्र) के मार्गदर्शन में रघुनंदन प्रसाद गुप्ता, देवेंद्र सिंह यूनियन लीडर, शेषनाथ सिंह पूर्व असिस्टेंट जनरल मैनेजर, विशाल, फिरोज रहमान (रेलवे), सी एच जगदीश (रेलवे), श्याम सुंदर (रेलवे), सुमित कुमार (रेलवे) , टोमेश ठाकुर (रेलवे) , व्यवस्थापक कुलेश्वर जोशी, अविनाश आचार्य, आर विनोद, नीतीश यादव और एवन कुमार के सहयोग से आयोजित किया गया है। उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो खो संघ के पूर्व संयुक्त सचिव सचिन डोंगरे ने दी।

## मजबूत रखें अपना इम्युनिटी सिस्टम

# संक्रामक रोगों से बचाने में विटामिन-सी के अलावा कुछ पोषक तत्व भी जरूरी है आपकी सेहत के लिए

संक्रामक रोगों से शरीर को सुरक्षित रखने के लिए इम्युनिटी सिस्टम का मजबूत रहना बहुत आवश्यक माना जाता है और इम्युनिटी को ठीक रखने के लिए सतत प्रयास की जरूरत होती है। आहार और लाइफस्टाइल पर ध्यान देकर शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती दी जा सकती है। कई प्रकार की विटामिन्स जैसे विटामिन सी-डी को संक्रामक रोगों से बचाने और प्रतिरोधक क्षमता को उत्तेजित करने में महत्वपूर्ण पाया गया है। कोरोना महामारी के दौरान लोगों ने इसे अपने आहार का हिस्सा भी बनाया। पर क्या आप जानते हैं कि इम्युनिटी सिस्टम को मजबूत रखने के लिए विटामिन सी-डी ही काफी नहीं है। अध्ययनों में पाया गया है कि इसके लिए आपको आहार में विटामिन बी-6 और विटामिन- ई वाली चीजों को भी जरूर शामिल करना चाहिए।

### इम्युनिटी के लिए जरूरी है विटामिन बी-6

पशु और मानव दोनों पर किए गए अध्ययन से पता चलता है कि विटामिन बी-6, शरीर की इम्यून सिस्टम को मजबूत रखने के लिए बहुत आवश्यक हो जाता है। विटामिन बी-6 की कमी प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को कमजोर कर देती है। विटामिन बी-6 (पाइरिडोक्सिन)



मस्तिष्क के सामान्य विकास, तंत्रिका तंत्र और प्रतिरक्षा प्रणाली को स्वस्थ रखने के लिए महत्वपूर्ण है। विटामिन बी-6 के खाद्य स्रोतों में पोल्ट्री, मछली, आलू, छोले, केले और फोर्टिफाइड अनाज शामिल हैं। इसलिए जरूरी है कि आहार में विटामिन सी-डी के साथ विटामिन बी-6 वाली चीजों को भी जरूर शामिल करें।

### विटामिन ई की आवश्यकता

विटामिन-ई मानव शरीर के लिए एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट के रूप में काम करता है। यह प्रतिरक्षा प्रणाली को संक्रमण से लड़ने में मदद करता है, रक्त वाहिकाओं को चौड़ा करता है। इससे उनमें थक्के बनने से रोकने में मदद मिलती है। आमतौर पर विटामिन-ई को त्वचा और बालों की सेहत से जोड़कर देखा जाता रहा है। शोध



में पाया गया है कि इसकी कमी से इम्युनिटी सिस्टम की भी समस्याओं का खतरा हो सकता है।

### एंटीऑक्सीडेंट वाली चीजों से मिलता है लाभ

नैदानिक परीक्षणों में पाया गया है कि एंटीऑक्सीडेंट वाली चीजों का सेवन या फिर डॉक्टर्स की सलाह पर एंटीऑक्सीडेंट सप्लीमेंट्स की मदद से प्रतिरक्षा प्रतिक्रियाओं में काफी सुधार किया जा सकता है। विशेष रूप से विटामिन सी, ई, और ए या बीटा-कैरोटीन के पूरकों को आहार में शामिल करने से आपको इम्युनिटी को



मजबूत बनाने में विशेष लाभ मिल सकता है। शरीर में ट्यूमर के विकास को रोकने, कैंसर और कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों से बचाने में भी एंटीऑक्सीडेंट वाली चीजों का सेवन लाभकारी हो सकता है।

### आहार में किन चीजों को करें शामिल

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, इम्युनिटी सिस्टम को मजबूती देने के लिए जरूरी है कि आप अपने आहार पर खास ध्यान दें। प्लांट बेस्ड डाइट का सेवन करके आप कई प्रकार के आवश्यक विटामिन्स-एंटीऑक्सीडेंट्स की आसानी से पूर्ति कर सकते हैं। आहार में मौसमी हरी सब्जियों-फलों के साथ नट्स-सीड्स को शामिल करके शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है। शारीरिक-मानसिक दोनों प्रकार की सेहत को ठीक रखने के लिए स्वस्थ आहार का सेवन आवश्यक है।

# आपको भी सपने में दिखती है मछली तो जानें इसका मतलब

कभी-कभी इस सपने का दिखाई देना एक सामान्य घटना हो सकती है, लेकिन अगर आप बार-बार एक जैसा सपना देखती हैं तो आपको इस बात के बारे में सोचने की जरूरत होती है। आमतौर पर इस सपने का मतलब आपके लिए शुभ ही रहेगा, लेकिन मछली से जुड़े कुछ सपने आपके लिए प्रतिकूल संकेत भी दे सकते हैं। ज्योतिषाचार्य डॉ आरती दहिया ने ऐसे सपने से मिलने वाले संकेतों के बारे में बताया।



यदि आप सपने में कोई भी पालतू मछली देखती हैं तो यह आपके लिए किसी जिम्मेदारी का संकेत देता है। इस सपने का मतलब है कि आपको भविष्य में कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है जो आप बखूबी निभाएंगे। खासतौर पर अगर आप गोल्ड फिश का सपना देखती हैं तो ये इस बात का प्रतीक हो सकती है कि आप किसी जिम्मेदारी को ठीक से नहीं निभा रहे हैं और आपको उसे समझने की जरूरत है।

अगर आपको सपने में मछली का जोड़ा दिखाई दे रहा है तो समझें कि आपका प्रेम और वैवाहिक जीवन शुभ रहने वाला है। यदि आपके और जीवनसाथी के बीच किसी बात पर मनमुटाव चला आ रहा है तो आपको इससे बाहर आने में मदद मिलेगी और आपसी प्रेम बढ़ेगा। मुख्य रूप से गोल्ड फिश को प्रेम का प्रतीक माना जाता है और ऐसा सपना आपके जीवन में सामंजस्य लाने में मदद कर सकता है।

अगर आप सपने में किसी समुद्र में बहुत सारी मछलियां देख रही हैं तो ये सपना इस बात का प्रतीक हो सकता है कि आप किसी काम को बार-बार करने के बाद भी असफल हो रहे हैं, लेकिन आपको जल्द ही इसमें सफलता मिल सकती है।

यह आपके रिश्ते से जुड़ा कोई निर्णय हो सकता हो या फिर नौकरी से जुड़ी कोई बात भी हो सकती है। ऐसा सपना देखने का मतलब है कि आपको जल्द ही किसी निर्णय तक पहुंचने में मदद मिलेगी। आप खुद से सवाल करें कि आप अपने जीवन से क्या चाहते हैं और आपको भविष्य में क्या करने की जरूरत है।

सपने में मछली का टैंक देखने का मतलब यह हो सकता है कि आप किसी स्थिति में खुद को विवश महसूस कर रहे हैं। आपके व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन दोनों में विकास के लिए जगह होना महत्वपूर्ण है।

यदि आपने टैंक में मछली का सपना देखा है, तो आप अपने परिवेश में खुद को फंसा हुआ महसूस कर रहे हैं। दरअसल यह इस बात का संकेत हो सकता है कि आप किसी ऐसे बंधन में हैं जहां से बाहर निकल पाना आपके लिए मुश्किल है।

# मकर संक्रांति के लिए पहले से तैयार करके रखें गुड़ की गजक



अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार मकर संक्रांति साल का पहला पर्व होता है। इसे भारत के अलग-अलग राज्यों में विभिन्न नामों से जाना जाता है। इस त्योहार को गुजरात में उत्तरायण, पूर्वी उत्तर प्रदेश में खिचड़ी और दक्षिण भारत में पोंगल के रूप में मनाया जाता है। मकर संक्रांति के दिन दान-दक्षिणा का काफी महत्व होता है। इस दिन ज्यादातर लोग तिल-गुड़ दान करते हैं। इसके साथ ही इस दिन गुड़ से बनी गजक खाने का भी महत्व होता है। अगर आपके घर भी गजक खाने का रिवाज है तो हम आपको घर पर ही गुड़ की गजक बनाने का आसान तरीका बताने जा रहे हैं।

गुड़ की गजक घर पर बनाना बेहद आसान है। ऐसे में आप सबसे पहले तिल को सुनहरा होने तक भून लें। इसको भूनते वक्त ध्यान रखें कि तिल को जलाना नहीं हैं। इसके बाद अब एक पैन में घी गरम करें। अब गरम तेल में गुड़ को मिलाएं और इसे हल्का सा पकाएं। जब गुड़ पिघलने लगे और बुलबुले आने लगें, उसमें भूने हुए तिल मिलाएं। अब इस मिश्रण को धीरे से अच्छे से मिलाएं ताकि तिल गुड़ में अच्छे से लिपट जाए। इस मिश्रण को ग्रीस्ड प्लेट या थाली पर बेलन की मदद से पतली रोटी की तरह बेल लें। इसे ठंडा होने दें और फिर इसे छोटे छोटे टुकड़ों में काट लें। बस आपकी गजक तैयार है। इसे आप स्टोर करके कई दिनों तक रख सकते हैं।



# सर्दियों में करते हैं वर्कआउट तो ध्यान में रखें ये जरूरी टिप्स

इन दिनों सर्दियां हमारी दैनिक दिनचर्या को प्रभावित कर रही हैं। कुछ लोगों को अत्यधिक अकड़न वाली मांसपेशियों और अंतहीन दर्द का अहसास भी हो रहा है। हालांकि गर्मियों और सर्दियों में वर्कआउट करने के बीच बहुत अधिक बदलाव नहीं होता है, फिर भी इंजरी से बचने के लिए कुछ चीजों पर ध्यान देने की जरूरत है। यहां 4 बातें बताई गई हैं, जिन पर आपको सर्दियों के दौरान वर्कआउट करते समय ध्यान देने की जरूरत है:

### वर्कआउट से पहले गंभीरता से वार्म-अप करें

ऐसा नहीं है कि आप यह पहले से नहीं जानते थे, लेकिन हर कोई गंभीरता से वार्म-अप नहीं करता। जबकि गर्मियों में शरीर पहले से ही गर्म होता है, लेकिन सर्दियों में ऐसा नहीं होता। एक डायनेमिक वार्म-अप यहां एक बढ़िया टूल है। कुछ बॉडी वेट एक्सरसाइज चुनें और 3-5 मिनट का एक छोटा सा सर्किट करें। यदि आपके जिम में रोइंग मशीन है, तो और भी अच्छा! आगे बढ़ें और पूरे जोर से 1-2 मिनट के लिए इसे करें और पसीना पोंछना।

### डायनेमिक वार्म-अप करें, स्टेटिक वार्म अप से परेशान ना हों

डायनेमिक वार्म-अप में कुछ मिनटों के लिए तेजी से आगे




बढ़ना शामिल है और स्टेटिक स्ट्रेचिंग एक जगह पर खड़े होकर स्ट्रेचिंग करने के अलावा और कुछ नहीं है। अब, यहीं पर लोगों को यह सब गलत लगता है। वर्कआउट के बाद स्टेटिक वार्म-अप करना चाहिए क्योंकि शरीर पहले से ही गर्म होता है और मांसपेशियों के ऊतकों में अधिक लचीलापन होता है। वर्कआउट शुरू करने से ठीक पहले एक गतिशील वर्कआउट किया जाना चाहिए, सिर्फ इसलिए क्योंकि यह आपको गर्म करता है और आपको तैयार करता है। उचित डायनेमिक वार्म-अप किए बिना स्टैटिक स्ट्रेचिंग करने से इंजरी हो सकती है।

### पानी पिएं

स्पष्ट कारणों से, सर्दियों के दौरान हाइड्रेशन में भारी गिरावट आती है। हमें प्यास ही नहीं लगती। इसका मतलब यह नहीं है कि सभी मामलों में हमें अधिक पानी की आवश्यकता नहीं है। सर्दियों के दौरान एक बार कठिन वर्कआउट करने के बाद, आपको एहसास होगा कि आप वास्तव में कितने डी-हाइड्रेटेड हैं। आप दिन भर में कितना पानी पी रहे हैं, इसकी कड़ी निगरानी रखें।

### वर्कआउट के बाद मांसपेशियों में होने वाले दर्द से निपटें

सर्दी के मौसम में दोगुना दर्द हो सकता है। कई रीसर्च में करक्यूमिन (हल्दी में पाया जाना वाला तत्व) को देर से शुरू होने वाले मांसपेशियों के दर्द से राहत दिलाने में मददगार पाया गया है। यह एक बहुत शक्तिशाली एंटी-इंफ्लेमेटरी एजेंट भी है। आप सिट्रीलाइन मालेट को भी देख सकते हैं, जो हाल ही में दर्द के लिए मददगार होने के कारण सुर्खियों में आया है।



## कार्नर न्यूज

## वास्तु का सही इस्तेमाल बदल सकता है आपके दिन

# घर में सही तरीके से लगा हुआ आईना बदल सकता है आपकी किस्मत, वास्तु नियम देते आपको बेहतर भविष्य

घर में किसी भी वस्तु को रखने के लिए सही स्थान निर्धारित होता है और उनका पालन आपके घर में खुशहाली के मार्ग खोलने में मदद करता है। हम सभी अपने जीवन में समृद्धि पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं और इसके लिए हम कई तरह के प्रयास करते हैं। हम सभी अपने करियर के बारे में सोचते हैं और अच्छा जीवन जीना चाहते हैं। हमारे लिए तनाव से बचना भी जरूरी होता है और इसके लिए भी कई उपाय हो सकते हैं, वहीं घर में सौभाग्य को आकर्षित करने के लिए वास्तु में कई तरीके होते हैं। इन्हीं तरीकों में से एक है घर में आईने का सही प्लेसमेंट।

ऐसा माना जाता है कि अगर आप घर में आईना सही स्थान पर रखती हैं तो आपके जीवन में खुशहाली बनी रहती है और इसके लिए सही दिशा का होना भी जरूरी माना जाता है। अगर घर में या किसी भी स्थान पर जैसे वर्कप्लेस पर, बेडरूम में, किचन में या फिर अन्य किसी भी स्थान पर आप शीशा रखती हैं तो इसके वास्तु नियमों के बारे में जान लेना जरूरी है। आइए वास्तु एक्सपर्ट डॉ मधु कोटिया से जानें कि आप घर के किस स्थान पर आईना रख सकती हैं।



घर में किसी भी तरह के शीशे, आईने या कांच के शोपीस उत्तरी या पूर्वी दीवारों पर लगाने चाहिए। यह दिशा आईना रखने के लिए सबसे शुभ मानी जाती है। इस दिशा में आईना रखने से घर के लोगों की आर्थिक स्थिति अच्छी बनी रहती है। वहीं आपको आईना हमेशा दक्षिणी या पश्चिमी दीवारों पर लगाने से बचना चाहिए। वास्तु के अनुसार दर्पण की दिशा महत्वपूर्ण है।

घर में दर्पण का गलत स्थान बहुत नुकसान पहुंचा सकता है। कभी भी दो दर्पण एक-दूसरे के सामने न रखें क्योंकि वे अंतरिक्ष में नकारात्मक ऊर्जा पैदा कर सकते हैं। सुनिश्चित करें कि दर्पण जमीन से लगभग 4 से 5 फीट की ऊंचाई पर रखा गया हो।

अगर आप घर में सौभाग्य को आकर्षित करना चाहती हैं तो घर के कुछ विशेष स्थानों पर शीशा लगा सकती हैं। जैसे आप ड्रेसिंग रूम और वॉशरूम के अलावा डाइनिंग एरिया में, डाइनिंग टेबल के ठीक सामने दर्पण लगाया लगा सकती हैं।

ऐसा करने से खाना खाते समय घर के लोगों का प्रतिबिंब उसमें दिखाई देता है और इससे सभी के बीच में सौहार्द बना रहता है। वास्तु की मानें तो इससे परिवार के सदस्यों के बीच प्यार और स्नेह बढ़ता है।

वहीं वास्तु कभी भी रसोई के भीतर शीशा न लगाने की सलाह देता है। इसके अलावा आपको कभी भी घर के बेडरूम में आईना नहीं लगाना चाहिए। अगर आप बेडरूम में शीशा लगा भी रही हैं तो इसे ऐसे स्थान पर भूलकर भी न लगाएं जहां से बिस्तर का प्रतिबिंब नजर आए। वास्तु शास्त्र में हमेशा वर्गाकार और आयताकार आकृतियों को प्राथमिकता दी जाती है क्योंकि वे ऊर्जा को समान रूप से फैलाते हैं। अंडाकार और वृत्त आपकर के आईने सर्वोत्तम नहीं माने जाते हैं और इनसे आपको बचना चाहिए। हालांकि यदि आप इन आकारों के आईने नहीं लगा पा रहे हैं तब भी आपको किसी भी अनियमित आकार से बचना चाहिए।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## क्रिस से तलाक के बाद पाल्ट्रो को हुआ था बड़ा नुकसान



हॉलीवुड एक्ट्रेस ग्वेनेथ पाल्ट्रो ने हाल ही में अपनी निजी जिंदगी और पेशेवर जिंदगी को लेकर कई खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया है कि एक्टर क्रिस मार्टिन से तलाक के कुछ समय बाद ही उन्हें एक फिल्म से निकाल दिया गया था। अभिनेत्री ने बताया कि तलाक के कुछ ही समय बाद जब उन्होंने फिल्म में अपना रोल खोया, तो ये मामला सुर्खियों में आया। उस समय के बारे में बात करते हुए ग्वेनेथ पाल्ट्रो ने कहा कि प्रेस में उनकी निजी जिंदगी के बारे में बहुत बातें हो रही थीं। उन्होंने बताया कि इसी वजह से फिल्म से जुड़े लोगों ने उन्हें प्रोजेक्ट से हटाने का फैसला किया। उनके मुताबिक, उन्हें लगा कि उनके तलाक की वजह से बनी स्थिति ने फिल्म के लिए चीजें मुश्किल कर दी हैं। उन्होंने आगे कहा 'यह बहुत अच्छा था, मेरा तलाक हो रहा था और फिर मुझे नौकरी से निकाल दिया गया।' आपको बता दें कि ग्वेनेथ पाल्ट्रो और क्रिस मार्टिन ने 2014 में एक पोस्ट के जरिए अपने अलग होने की घोषणा की थी। उनके अलगाव पर काफी चर्चा हुई थी। ग्वेनेथ पाल्ट्रो ने कहा कि अब उन्हें समझ में आता है कि लोगों ने उनके तलाक की खबर पर इतनी प्रतिक्रिया क्यों दी थी। उन्होंने बताया कि बहुत से लोग ऐसी कहानियों को अपने दर्दनाक अनुभवों से जोड़ते हैं। काम की बात करें तो ग्वेनेथ पाल्ट्रो अपनी फिल्म 'मार्टी सुप्रीम' का प्रमोशन कर रही हैं। उनकी इस फिल्म का निर्माण ए24 ने किया है। फिल्म में उनके साथ टिमोथी चालमेट, ओडेसा एजियन और केविन ओलीरी।

### टॉलीवुड

## शोभिता की 'चीकाटिलो' का पोस्टर हुआ जारी, सच्ची घटना पर आधारित है फिल्म



'द नाइट मैनेजर' जैसी वेब सीरीज में नजर आईं अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला अब एक नई फिल्म लेकर आ रही हैं। यह एक सस्पेंस-क्राइम थ्रिलर फिल्म है। फिल्म का नाम 'चीकाटिलो' है। फिल्म की घोषणा के साथ ही इसका पहला पोस्टर भी जारी हुआ है, जिसमें शोभिता इंटेंस लुक में नजर आ रही हैं।'चीकाटिलो' प्राइम वीडियो की ओरिजिनल तेलुगु भाषा की फिल्म है। हालांकि, यह हिंदी में भी रिलीज होगी। हैदराबाद की पृष्ठभूमि पर बनी 'चीकाटीलो' एक रोमांचक क्राइम-सस्पेंस फिल्म है। कहानी संध्या नाम की लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक टू-क्राइम पॉडकास्टर है। इस किरदार को शोभिता धुलिपाला ने निभाया है। अपने इंटर्न की रहस्यमयी मौत के बाद न्याय पाने की अपनी लगातार कोशिश में संध्या को खौफनाक अपराधों की एक चौंकाने वाली कड़ी का पता चलता है। जिसके बाद उसके सामने शहर के कुछ सबसे खौफनाक और काले राज सामने आते हैं। फिल्म 23 जनवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। शरण कोपिशेट्टी द्वारा निर्देशित 'चीकाटिलो' को डी. सुरेश बाबू ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म की कहानी चंद्र पेम्माराजू और शरण कोपिशेट्टी ने लिखी है। फिल्म में शोभिता धुलि पाला और विश्वदेव राचकोंडा मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा चैतन्य विशालक्ष्मी, ईशा चावला, झांसी, आमानी और वडलामणि श्रीनिवास भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।

### भोजपुरी

## 'पति का प्यार, सास का दुलार' में देखिए गौरव और स्मृति की शानदार अदाकारी



'पति का प्यार, सास का दुलार' फिल्म इसी महीने रिलीज होने वाली है। इस भोजपुरी फिल्म में गौरव झा और स्मृति सिन्हा जैसे सितारे हैं। फिल्म में पारिवारिक मूल्यों, रिश्तों और भावनाओं को गहराई से दिखाया गया है। फिल्म 16 जनवरी को रिलीज होने जा रही है। यह फिल्म पारिवारिक मूल्यों, रिश्तों की गर्माहट और भावनाओं की गहराई को बड़े परदे पर प्रभावशाली ढंग से पेश करती है। फिल्म का टाइटल ही दर्शकों को परिवार और संस्कार से जुड़े एक इमोशनल सफर का संकेत देता है। फिल्म में मुख्य भूमिका में गौरव झा और स्मृति सिन्हा नजर आएंगे, जिनकी जोड़ी पहले से ही दर्शकों के बीच काफी फेमस है। दोनों कलाकारों की केमिस्ट्री इस फिल्म की खास ताकत मानी जा रही है। फिल्म में पति-पत्नी और सास-बहू के रिश्तों को संवेदनशीलता और संतुलन के साथ दिखाया गया है, जो हर वर्ग के दर्शकों से जुड़ने की क्षमता रखता है। विश्वा मूर्ति फिल्म्स व पिकासो प्रोडक्शन प्रस्तुत फिल्म 'पति का प्यार, सास का दुलार' के निर्माता संजय पाण्डेय व देवेंद्र बंसल हैं, जबकि निर्देशक संजय श्रीवास्तव हैं। संजय पाण्डेय ने फिल्म को लेकर कहा कि 'पति का प्यार, सास का दुलार' एक ऐसी पारिवारिक फिल्म है, जो आज के दौर में रिश्तों की अहमियत और पारिवारिक मूल्यों को सशक्त रूप से सामने रखती है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म हर वर्ग के दर्शकों से जुड़ने वाली है, क्योंकि इसकी कहानी घर-परिवार, संस्कार और भावनाओं के इर्द-गिर्द बुनी गई है। संजय पाण्डेय के अनुसार, फिल्म में मनोरंजन के साथ-साथ समाज को सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया गया है, जिससे दर्शक न केवल फिल्म का आनंद लेंगे बल्कि इससे कुछ सीख भी लेकर जाएंगे।

## लाइफ स्टाइल



### नई शुरूआत

न्यूयॉर्क फैशन वीक लंबे समय से फैशन का सबसे अप्रत्याशित स्टेज रहा है। एक ऐसा स्टेज जो अमेरिकन स्टाइल के डीएनए पर टिका रहते हुए भी खुद को नए सिरे से पेश करता रहता है। यह सीज़न भी इसका अपवाद नहीं था। डिज़ाइनरों ने अपनी पर्सनल कहानियों, शहरी कहानियों और ग्लोबल चीज़ों से प्रेरणा लेकर ऐसे कलेक्शन पेश किए जो सिनेमाई और पर्सनल, एक्सपेरिमेंटल और आसानी से पहनने लायक थे।

## सर्दियों में शहद के नेचुरल फेस पैक से बढ़ा सकते हैं चेहरे की रंगत



अगर आप भी घर पर ही सर्दी के मौसम में नेचुरल तरीके से चेहरे की रंगत को सुधारना चाहते हैं, तो शहद से बने फेस पैक इसमें आपकी मदद कर सकते हैं। शहद और दही दोनों में ही कुछ ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जिसे लगाने से चेहरे पर निखार आता है। ऐसे में आप स्किन का ग्लो बरकरार रखने के लिए शहद और दही से बने फेस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आपको बस एक कटोरी में दही लेकर उसमें शहद मिक्स करना है। इसके बाद इस पैक को अच्छे से अपने चेहरे पर लगाएं और कुछ देर के बाद ठंडे पानी से चेहरा धो लें। आप इसका इस्तेमाल हफ्ते में दो से तीन बार कर सकते हैं।

नींबू त्वचा की डेड स्किन को हटाने में मददगार होता है। ऐसे में आप एक कटोरी में शहद लेकर उसमें आधा नींबू का रस डालकर अच्छे से मिलाएं। इसके बाद इस मास्क को अच्छे से चेहरे और गर्दन पर लगाएं। इससे आपकी स्किन मुलायम बनी रहेगी।

दूध में मौजूद तत्व चेहरे को एक्सफोलिएट करने का काम करते हैं। ऐसे में कच्चे दूध में दो चम्मच शहद लेकर उसे चेहरे पर लगाएं। इस पैक का इस्तेमाल आप हर दूसरे दिन कर सकते हैं। आपको जानकारी में होना चाहिए कि शहद से कई प्राकृतिक फेस पैक बनाए जा सकते हैं, जैसे शहद-नींबू ( दाग-धब्बे और चमक के लिए) , शहद-एलोवेरा ( नमी और ठंडक के लिए), शहद-दूध (मुलायम त्वचा के लिए) और शहद-अंडा (एंटी-एजिंग के लिए), जो त्वचा को हाइड्रेट, मुलायम और चमकदार बनाने में मदद करते हैं, साथ ही मुंहासे व दाग-धब्बों से भी लड़ते हैं। इन पैक्स को लगाने के बाद धूप से बचना चाहिए और गुनगुने पानी से धोना चाहिए। शहद और नींबू फेस पैक (चमक और मुंहासों के लिए) है। इसे बनाने का तरीका में 1 चम्मच शहद में 1 चम्मच नींबू का रस मिलाएं। इससे फायदे में मुंहासे, दाग-धब्बे कम करता है, त्वचा को चमकदार बनाता है।

## लोहड़ी पर दिखाना है पारंपरिक अंदाज अपनाएं ऐसा आउटफिट







वैसे तो लोहड़ी का त्योहार पूरे देश में बेहद धूमधाम से मनाया जाता है, लेकिन खासतौर पर पंजाब और उत्तर भारत में लोहड़ी के त्योहार की काफी धूम दिखाई देती है। लोग इसकी तैयारियां काफी दिनों पहले से शुरू कर देते हैं। इस साल लोहड़ी 13 जनवरी को मनाई जाएगी। लोहड़ी के त्योहार पर लोग नए-नए कपड़े पहनकर तैयार होते हैं। इस दिन पारंपरिक तरीकों से तैयार होने का काफी रिवाज है। महिलाओं से लेकर पुरुष तक लोहड़ी के दिन काफी अच्छी तरह तैयार होते हैं। अगर आप भी इस लोहड़ी के त्योहार पर पारंपरिक रूप से तैयार होना चाहते हैं, तो बॉलीवुड के कुछ अभिनेताओं से टिप्स ले सकते हैं। इन अभिनेताओं से टिप्स लेकर आपका अंदाज भी काफी स्टाइलिश दिखेगा।

### पीला रंग

पीला रंग तो वैसे भी बेहद शुभ होता है। ऐसे में आप लोहड़ी के त्योहार पर कार्तिक आर्यन की तरह पीले रंग का सिल्क का कुर्ता और पायजामा पहन सकते हैं।

### धोती-कुर्ता

लोहड़ी के त्योहार में ऐसी धोती और कुर्ता आपको स्टाइलिश लुक देने में मदद करेगा। वरुण धवन की तरह की आप अपने लुक को अच्छा बना सकते हैं।


### क्लासी अंदाज

अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा अपने लुक्स से अक्सर लड़कियों को इंप्रेस करते रहते हैं। ऐसे में आप उनसे प्रेरणा लेकर लोहड़ी के लिए तैयार हो सकते हैं। इससे आपका अंदाज क्लासी दिखेगा।

### वर्क वाला कुर्ता

शाहिद कपूर की तरह वर्क वाला कुर्ता आप लोहड़ी पर पहन सकते हैं। इसके साथ आप चाहें तो दुपट्टा कैरी कर सकते हैं।

## घटता जा रहा बालों का घनापन तो इन तरीकों को अपनाएं



सर्दी के मौसम में अक्सर बालों का घनापन कम होने लगता है। ये समस्या आमतौर पर सामने आती है। ऐसे में बालों की सफाई का खास ध्यान रखें। इस मौसम में बाल काफी ग्रीसी हो जाते हैं। ऐसे में बालों का वॉल्यूम खत्म होने लगता है। इसी के चलते बाल को हर दूसरे से तीसरे दिन धोएं जरूर। तभी जाकर आपके बाल सही लगेंगे।

अगर आप चाहते हैं कि आपके सिर से सही तरह से शैंपू और कंडीशनर निकल जाए तो हमेशा रूम टेम्प्रेचर पर रखे पानी का ही इस्तेमाल करें। यही सिर से शैंपू और कंडीशनर को सही से निकालने में मदद करता है। अगर आप सर्दी के मौसम में बालों को लंबा रखेंगे तो इससे भी आपके बाल खूबसूरत दिखेंगे। इससे बालों में अच्छा वॉल्यूम भी आता है।बालों में वॉल्यूम लाने के लिए थिक शैंपू काफी फायदेमंद साबित होते हैं। ऐसे में बालों के हिसाब से ही शैंपू का चुनाव करें। सर्दी के मौसम में गुनगुने तेल से सिर की मसाज जरूर करनी चाहिए। इसके लिए आप कोकोनट ऑयल से लेकर, ओलिव ऑयल, आलमंड ऑयल और केस्टर ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## सर्दियों में इन जैकेटों को भी अपनाएं, कलेक्शन देखकर लोग करेंगे तारीफ



लगातार बढ़ती ठंड से हर कोई परेशान है। सर्दी के मौसम में लोग तमाम तरह के हैवी-हैवी कपड़े पहनकर घूमते हैं, ताकि उनकी मदद से उन्हें सर्दी कम लगे। जिस तरह से गर्मी के मौसम में लोग तरह-तरह के कपड़े पहनकर स्टाइल दिखाते हैं, ठीक उसी तरह से सर्दियों में भी स्टाइल दिखाना बेहद जरूरी हो जाता है। खासतौर पर अगर बात की जाए जैकेटों की तो ज्यादातर लोगों को ये पता ही नहीं होता है कि जैकेट कितने तरह की होती हैं। आपको कुछ ऐसे ही जैकेटों के बारे में जानना चाहिए, जिनको कैरी करके आप सर्दी के मौसम में भी स्टाइल दिखा सकते हैं। जिन जैकेटों के बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं, वो लड़कों और लड़कियों दोनों के लिए परफेक्ट हैं। इस तरह की जैकेट हर किसी के पास होनी ही चाहिए।

### बॉम्बर जैकेट

अगर आपको डैपर लुक पसंद है तो इस तरह की बॉम्बर जैकेट आपके लिए एक बेहतर विकल्प है। इस तरह की जैकेट टीशर्ट के साथ काफी ज्यादा क्लासी दिखती है। अगर आप इस जैकेट के साथ कूल दिखना चाहते हैं तो कैप पहन सकते हैं।

### ट्रकर जैकेट

इसे डेनिम जैकेट भी कहते हैं। हर लड़के और लड़की के पास ट्रकर जैकेट होना बेहद जरूरी होता है। इसे हर तरह की टीशर्ट के साथ कैरी किया जा सकता है। ऐसे में आप इस तरह की जैकेट को अपने कलेक्शन में शामिल कर सकते हैं।

### कार्नर न्यूज

#### आपको लगता है कि लोग देखते नहीं, मगर आप गलत हैं

## ग्रूमिंग के दौरान आपकी गलतियां दूसरों को करती हैं परेशान, बेफिक्र न रहें और रखें पूरा ध्यान

'अरे छोड़ो इस पर कौन ध्यान देगा' ग्रूमिंग पर खूब सारा ध्यान देने वाले आप अक्सर यही कहकर बड़ी गलतियां कर देते हैं और आपको अंदाजा भी नहीं होता है कि लोग आपकी इन गलतियों पर पूरा ध्यान दे रहे हैं। ग्रूमिंग बेस्ट लुक का जरूरी हिस्सा है। इसलिए आपको थोड़ा एक्टिव तो होना पड़ेगा। इसके बिना मामला सेट नहीं हो पाएगा। इसके लिए छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर खुद को वेल ग्रूम्ड वाली श्रेणी में लाया जा सकता है। आपको अलग से कुछ नहीं करना है।

### ग्रूमिंग की गलतियों पर पड़ती है लोगों की नजर

ग्रूमिंग आपके लुक को पूरा करती है। आप भी इसके बिना खुद को अधूरा पाते होंगे। लेकिन कुछ बातें ऐसी होती हैं, जिन पर आप खुद ध्यान ये सोचकर नहीं देते कि कौन इस पर ध्यान देगा। कौन सी हैं ये ग्रूमिंग की गलतियां जान लीजिए-

कान, नाक और आइब्रो के बाल

एक उम्र के बाद शरीर के कई हिस्से ऐसे होते हैं, जिनमें से बाल दिखने लगते हैं लेकिन अफ़सोस आप उनको ट्रिम करने की सोचते ही नहीं है। आपको लगता है इनको कौन ही देखेगा। लेकिन लोग देखते हैं। लोग देखते हैं कि आपने महंगे कपड़े पहने, हेयर केयर सलीके से किया लेकिन नाक, कान और आईब्रो के बालों को यों ही छोड़ दिया। ये काम कठिन नहीं है बल्कि इसे आप खुद भी कर सकते हैं। या फिर इसे शेविंग के समय सैलून में भी किया जा सकता है। ध्यान दीजिए और कर लीजिए।



### गंदे नाखून साफ नहीं किए

आपके नाखून की सफाई भी जरूरी होती है। कई बार लोग पूरे शरीर की सफाई करते हैं लेकिन नाखूनों को भूल जाते हैं। लेकिन ये सही नहीं है। लोगों को आपके हाइजीन का अंदाजा नाखून देकर ही लग जाता है इसलिए ये काम शुरू कर दीजिए। समय-समय पर पैर और हाथ के नेल्स काटते रहिए। अगर तब भी ये अच्छे न लगें तो आप पैडीक्योर और मैडीक्योर करा सकते हैं।

### ओरल हाइजीन भी रखिए ध्यान

ब्रश करके आप अपने ओरल हाइजीन को भूल जाते हैं तो गलत करते हैं। दरअसल सिर्फ ब्रश करने से दांत और मुंह की सफाई नहीं हो पाती है। बल्कि आपको ब्रश के साथ फ्लोसिंग भी करनी होगी और माउथ फ्रेशनर गार्गल भी करना होगा। अगर ये सब नहीं करेंगे तो दो बार ब्रश करने के बाद भी मुंह से बदबू आएगी और आपके लुक पर फिर कोई ध्यान नहीं देगा।

### बियर्ड की ट्रिमिंग

बियर्ड लुक को लेकर आजकल खूब क्रेज है। लोग विराट कोहली और विक्की कौशल की तरह बियर्ड लुक अपना लेना चाहते हैं। लेकिन वो ये भूल जाते हैं कि ये सेलेब्रिटी भी अपने बियर्ड लुक को मेनटेन करते हैं। वो अपनी दाढ़ी ट्रिम कराते रहते हैं ताकि ये बेतरतीब न लगे। आप ऐसा कितनी बार करते हैं या कराते भी हैं या नहीं। अगर नहीं कराते हैं तो बियर्ड लुक नहीं मिलेगा लेकिन लुक बिगड़ जरूर जाएगा। इसलिए समय-समय पर दाढ़ी को ट्रिम जरूर कराते रहें।

### नेचुरल बियर्ड लाइन

बियर्ड की एक नेचुरल बियर्ड लाइन होती है। इस लाइन से ही बियर्ड को डेट किया जाता है।

